उज्जैन
मंगलवार
23
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-51
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



इंदौर की भूमिका सोनगरा बनी फॉरएवर स्टार मिसेज इंडिया 2025

पेज- 8

## राहुल के जर्मनी दौरे का वीडियो जारी, कहा- बीजेपी संविधान खत्म करने की साजिश रच रही



**बर्लिन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल ने कहा- बीजेपी संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल 17 से 19 दिसंबर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल ने कहा, बीजेपी राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है।

## भारत में फंसे एच-1बी वीजा होल्डर्स की नौकरी पर संकट

**नई दिल्ली।** दिसंबर का महीना आमतौर पर खुशियों, छुट्टियों और अपनों से मिलने का वक्त होता है, लेकिन साल 2025 का यह आखिरी महीना अमेरिका में नौकरी करने वाले सैकड़ों भारतीय पेशेवरों के लिए किसी दुःस्वप्न जैसा साबित हो रहा है। सात समंदर पार अपनी मेहनत और काबिलियत का लोहा मनवाने वाले ये भारतीय इस उम्मीद में वतन लौटे थे कि वे अपनों के साथ कुछ पल बितायेगें और साथ ही अपने एच-1बी वीजा का रिन्यूअल कराकर वापस अपनी कर्मभूमि लौट जाएंगे, लेकिन नियति और अमेरिकी विदेश विभाग की बदली हुई नीतियों को कुछ और ही मंजूर था। आज आलम यह है कि भारत स्थित अमेरिकी दूतावास और अलग-अलग शहरों में मौजूद कंसुलेट्स में वीजा इंटरव्यू अचानक कैंसिल होने से सैकड़ों टेक प्रोफेशनल्स और उनके परिवार अधर में लटक गए हैं।

## बांग्लादेश हाई कमीशन ने भारत में वीजा सर्विस रोकी



**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश हाई कमीशन ने भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने सभी वीजा और काउंसलर सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह रोक अगले आदेश तक लागू रहेगी। इससे पहले अगरतला में बांग्लादेश कॉन्सुलेट भी वीजा सर्विस पर रोक लगा चुका है। यह फैसला शनिवार को हाई कमीशन के बाहर हुए प्रदर्शन के बाद लिया गया। दूसरी तरफ बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने भी यह साफ किया कि इस बात की कोई पुख्ता जानकारी नहीं है कि छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या के आरोपी ने भारत में शरण ली है।

## अफ्रीकी फुटबॉल कोच को दिल्ली बीजेपी पार्षद की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटपड़गंज वार्ड से बीजेपी पार्षद रेनू चौधरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे एक अफ्रीकी फुटबॉल कोच को एक महीने के भीतर हिंदी सीखने की चेतावनी देती नजर आ रही हैं। पार्षद कहती हैं कि अगर हिंदी नहीं सीखी तो पार्क छीन लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, यह अफ्रीकी नागरिक करीब 15 साल से उसी इलाके में रह रहा है। उसने दिल्ली नगर निगम से पार्क किराए पर लिया है और इसमें बच्चों को फुटबॉल कोचिंग देता है। पार्षद ने धमकाने का वीडियो खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें रेनू चौधरी अफ्रीकन कोच से पूछती हैं कि वह अब तक हिंदी क्यों नहीं सीख पाया? यहां का पैसा खा रहे हो तो हिंदी बोलना सीखो। जब वहां मौजूद कुछ लोग इस बात को मजाक समझकर हंसते हैं, तो पार्षद कहती हैं कि यह कोई मजाक नहीं है और वह इस चेतावनी को लेकर गंभीर हैं।

### रेलवे और टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ सिंहस्थ तैयारियों को लेकर बैठक

# 300 किमी में बिछेगी फाइबर लाइन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और मेला अधिकारी आशीष सिंह ने रेलवे और टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ सिंहस्थ तैयारियों को लेकर बैठक की। सिंहस्थ के मद्देनजर रेल्वे ओवरब्रिज प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया कि रेल्वे ओवर ब्रिज एलसी नं 23 उज्जैन नागदा रेल सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। रेलवे ओवर ब्रिज एलसी नं 7 इंदौर-देवास-उज्जैन रेल सेक्शन विक्रम नगर प्रगतिरत है। फ्रीगंज आरओबी में केबल शिफ्टिंग और पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य तेज गति से पूरे करने का कहा। कुल स्वीकृत 13 रेल्वे ब्रिज में से 7 ब्रिज पर काम प्रारंभ हो गया है। मेला अधिकारी ने सेतु निगम को रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर समय सीमा में कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक में सिंहस्थ अंतर्गत नेटवर्क प्लान पर चर्चा की गई। इनमें सिंहस्थ के दौरान वर्तमान की टॉवर साइट को अपग्रेड करने, नए टॉवर लगाने पर चर्चा हुई। टेलीकॉम कंपनी अधिकारियों ने बताया कि उनकी कार्ययोजना में सिंहस्थ के दौरान मेला क्षेत्र में 300 किमी क्षेत्र का फाइबर डाला जाएंगा। पहले से मौजूद इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना होगा। जो क्षेत्र अधिक के आवागमन का होगा। उसे कवर करने के लिए 100 के लगभग पोल साईट लागी जाएंगे।

### मुख्य मार्गों पर फोकस किया जाएगा

मेला क्षेत्र, महाकालेश्वर व अन्य प्रमुख मंदिर और उज्जैन आने वाले मुख्य मार्गों पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए हार्ड पाईप डाले जाने पर चर्चा की गई। मेला अधिकारी ने कहा, जहां भी अस्थाई लोकेशन स्थापित करने हैं, उनकी जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक में लोक निर्माण विभाग के सेतु निगम अंतर्गत बनाए जाने वाले ब्रिज की समीक्षा की गई। बताया कि कमेड ब्रिज, कर्कराज पार्किंग से भूखी माता, तपोभूमि से हामूखेड़ी मार्ग, नर्सिंग घाट पर ब्रिज का काम चल रहा है। सिद्धवट से अंगारेश्वर सब मर्सिबल ब्रिज की डिजाइन की स्वीकृति होना शेष है। इसे शीघ्र स्वीकृत करवाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मेला अधिकारी ने हरिफाटक से लालपुल के सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का कहा। कलेक्टर ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## यूपी में शिमला से ज्यादा सर्दी

### पारा 4.5डिग्री पहुंचा, दिल्ली में 500 फ्लाइट लेट, 14 कैंसिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पड़ाहों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में तेज सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में सोमवार रात 25 शहरों का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री पहुंच गया।

उत्तर प्रदेश में 26 जिले शिमला से ज्यादा ठंडे रहे। बाराबंकी में सोमवार रात पारा 4.5 डिग्री दर्ज हुआ। इटावा, शाहजहांपुर, कानपुर और बुलंदशहर में 7 डिग्री से कम तापमान रहा। 48 घंटे में सर्दी से 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 9 शहरों में 8वीं तक के स्कूल आज बंद किए गए हैं। उत्तराखंड के नैनीताल में कल 6 डिग्री और हिमाचल के शिमला में 11 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ। जम्मू के पहाड़ी इलाकों में दो दिनों से बर्फबारी का दौर जारी है। इसके कारण रात के तापमान में गिरावट आई है। गुलमर्ग का तापमान -2.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम रही। इसके कारण आईजीआई एयरपोर्ट पर 500 से ज्यादा फ्लाइट देरी से ऑपरेट हुईं। साथ ही 14 फ्लाइट कैंसिल की गईं, जिसमें 6 आने वाली और 8 जाने वाली फ्लाइट शामिल थीं। इनमें कुछ इंटरनेशनल फ्लाइट भी थीं।

## अमेरिका के टेक्सास राज्य में मेक्सिकन नेवी का प्लेन क्रैश

### 2 साल के बच्चे समेत 5 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के टेक्सास राज्य में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। मेक्सिकन नौसेना का एक विमान गैल्वेस्टन खाड़ी के पानी में गिर गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें एक दो साल का बच्चा भी शामिल है। अमेरिकी कोस्ट गार्ड्स ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि विमान में कुल आठ लोग सवार थे। इनमें से चार लोगों को जिंदा बचा लिया गया, जबकि एक इंसान अब भी लापता है, जिसकी तलाश जारी है। यह विमान आग में झुलसे हुए मरीजों को इलाज के लिए ले जा रहा था। इनमें बच्चे भी शामिल थे। विमान में मौजूद कुछ लोग एक संस्था से जुड़े थे, जो आग से झुलसे बच्चों की मदद करती है। गैल्वेस्टन काउंटी के शेरिफ ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, गोताखोर, ड्रोन टीम और दूसरी आपात सेवाएं मौके पर भेजी गईं।

### मेरी भी कुछ फोटोज, एक वक्त में कई लोग एपस्टीन से मिलते थे

# एपस्टीन सेक्स फाइल्स से बेगुनाहों की इमेज खराब होगी : डोलाल्ड ट्रम्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि एपस्टीन सेक्स फाइल्स के सार्वजनिक होने से कई बेगुनाहों की इमेज खराब हो सकती है। कई ऐसे लोग थे जिनका जेफ्री एप्सटीन के अपराधों से कोई लेना-देना नहीं था, वे बस कभी उससे मिले भर थे।

ट्रम्प ने सोमवार को फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि एप्सटीन को लेकर हो रहा हंगामा असल में रिपब्लिकन पार्टी की कामयाबियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। ट्रम्प ने कहा कि उनकी भी एप्सटीन के साथ कुछ फोटो हैं, क्योंकि उस समय कई लोग उससे मिलते-जुलते थे। इस पूरे मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। जब उनसे पूछा गया कि इन फाइलों में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तस्वीरें सामने आने पर उनका क्या रिस्पांस है। इस पर ट्रम्प ने कहा- मुझे बिल क्लिंटन पसंद हैं, मेरे उनसे अच्छे रिश्ते रहे हैं। मुझे अच्छा नहीं लगा कि उनकी तस्वीरें सामने आईं। ट्रम्प ने कहा कि किसी पार्टी या कार्यक्रम में एप्सटीन के साथ फोटो आ जाने से यह साबित नहीं होता कि उस इंसान का उससे कोई गलत रिश्ता था। लेकिन अब ऐसी तस्वीरों से बेगुनाह लोगों की बदनामी हो रही है। ट्रम्प के मुताबिक, कई सम्मानित लोग, जैसे बैंकर और वकील सिर्फ इसलिए निशाने पर आ रहे हैं क्योंकि वे सालों पहले किसी मौके पर उससे मिल लिए थे।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने

# श्री महाकालेश्वर जी की शयन आरती में किए दर्शन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केंद्रीय मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग श्री जगत प्रकाश नड्डा ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की शयन आरती में दर्शन लाभ प्राप्त किया। दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने नड्डा का स्वागत एवं सम्मान किया। पूजन पुजारी जितेंद्र गुरु द्वारा करवाया गया।

**उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने भस्म आरती में किए दर्शन-** उप मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन राजेंद्र शुक्ला ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की भस्म आरती में दर्शन लाभ प्राप्त किया। । दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक प्रतीक द्विवेदी ने शुक्ला का स्वागत एवं सम्मान किया।

**सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली ने भस्म आरती में किए महाकालेश्वर के दर्शन -** सुप्रीम कोर्ट जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली ने आज प्रातःकालीन भस्म आरती में ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए।

सीएम डॉ. मोहन यादव ,भाजपा के राष्ट्रीय अधक्ष्य और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, मध्य प्रदेश के प्रभारी महेंद्र सिंह ने महाकाल मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल का पूजन दर्शन कर अभिषेक किया और देश की जनता की सुख, शांति, उन्नति की कामना की।



## खबर एक नजर...

### योग साधकों ने लिया साउंड हीलिंग थेरेपी का लाभ

**उज्जैन।** स्थानीय पीजीबीटी योग केंद्र द्वारा अहमदाबाद से आमंत्रित साउंड हीलिंग थेरेपी विशेषज्ञ डॉक्टर जिग्नेश पटेल का विशेष सत्र आयोजित किया गया। योग केंद्र संचालक योगाचार्य गिरिजेश व्यास ने बताया कि एक घंटे के इस सत्र का लाभ 50 से अधिक योग साधकों ने लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजीव पंड्या ने जिग्नेश पटेल का स्वागत किया एवं सत्यधारा योग लाइफ आश्रम की संस्थापक सुश्री मीनल चौधरी का स्वागत योगांग फाउंडेशन की निदेशक डॉक्टर सिम्मी सक्सेना ने किया। डॉक्टर जिग्नेश पटेल कॉर्पोरेट ट्रेनर भी हैं एवं मात्र दो वर्षों में 50 से अधिक वर्कशॉप संचालित कर चुके हैं साथ ही जिग्नेश 30 से अधिक साउंड इंस्ट्रूमेंट्स का प्रयोग मानव शरीर के ऊर्जा चक्रों को सक्रिय करने हेतु करते हैं । इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व सभापति प्रकाश चित्तौड़ा, जनपद पंचायत सी ई ओ संदीप यादव, मिताहा की निदेशक डॉक्टर लतिका व्यास, रीता राजगुरु, रश्मि रांका, मानसी रोहेरा, मीना नागर, जयेश चित्तौड़ा, सौरभ चौरसिया, मनीष सोलंकी सहित अनेक योग प्रेमी गणमान्य उपस्थित थे।

### दिन में चली सर्द हवा, आसमान में छाये बादल

**उज्जैन।** दिसंबर माह बीतने में कुछ दिन शेष है और ठंड का प्रभाव बढ़ रहा है। सोमवार को दिन में सर्द हवा महसूस हुई, आसमान में हल्के बादल छाये रहे, जिससे धूप मध्यम हो गई थी। आगामी दिनों में ठंड लोगों का जनजीवन प्रभावित कर सकती है। उत्तर भारत की ओर से आ रही हवा से पिछले एक सप्ताह से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही थी और 10 डिग्री से नीचे बना हुआ था। लेकिन रविवार-सोमवार रात न्यूनतम तापमान में तेजी आई ओर 11.4 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान भी 27.2 डिग्री दर्ज हुआ। इस बीच दिनभर सर्द हवा चली और आसमान में हल्के बादल छाये रहे। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी की सर्द हवा का रूख मध्यप्रदेश की ओर बना हुआ है। जिसके चलते प्रदेश के कुछ राज्यों में मावठे की बारिश हो सकती है, जिसके बाद ठंड का असर और तेज हो जायेगा। फिलहाल सोमवार को तापमान में आई कुछ तेजी की वजह हवा का रूख बदलना है, एक-दो दिन में फिर हवा अपना रूख बदल सकती है, जिससे ठंड बढ़ते ही आम जनजीवन प्रभावित दिखाई देगा। स्थानीय वेधशाला के अनुसार वैसे जिले में ठंडी हवा के चलते ठंड बनी हुई है, आसमान में बादल छाने की वजह से तापमान में मामूली तेजी आई है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में फिर से तापमान में गिरावट आने लगेगी।

### स्वर्णकार सखी सहेली फाउंडेशन ने किया महिलाओं का सम्मान




**उज्जैन।** स्वर्णकार सखी सहेली फाउंडेशन ने महिलाओं का सम्मान किया। यह संस्था हर वर्ष ऑनलाइन प्रतियोगिता से महिलाओं को जोड़ती है। इस बार कार्यक्रम निजी होटल में जुड़ो और जोड़ो थीम पर आयोजित हुआ, जिसमें इसमें प्रदेशभर से आई सखियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर, क्विज, नृत्य और संगीत की प्रस्तुति हुई। अध्यक्ष सुधा सोनी ने बताया कार्यक्रम में सुनीता उपाध्याय, रीटा उपाध्याय, किरण, रूपम, श्वेता, सुचिता, सलोनी, कृष्णी, पूजा, शिवानी और मीडिया प्रभारी विजया आदि मौजूद थीं।

### उज्जैन के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी

# सरकारी नौकरियां का साल रहेगा 2026

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के उन बेरोजगार युवाओं के लिए यह खुशखबरी ही होगी कि उन्हें नये वर्ष में नौकरी करने के लिए अवसर प्राप्त होने वाले है क्योंकि वर्ष 2026 में कई नौकरियों के लिए भर्ती परीक्षाएं होने वाली है। कुल मिलाकर साल 2026 सरकारी नौकरियां का साल रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मप्र लोक सेवा आयोग और मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने भर्ती परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी है। कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग ने भर्तियों का संभावित परीक्षा कैलेंडर भी जारी कर दिया है।

इसके मुताबिक एमपी-पीएससी अगले साल 10 भर्ती परीक्षा कराने जा रहा है। इनमें सबसे अधिक भर्तियां सहायक प्राध्यापक के पद पर होंगी। वहीं कर्मचारी चयन मंडल 11 भर्ती परीक्षाएं कराएगा। इन परीक्षाओं से 1 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां मिलेंगी। गौरतलब है कि मप्र सरकार ने ढाई लाख पदों को भरने का टारगेट सभी विभागों को दिया है। इसके तहत प्रदेश के सभी विभागों के खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग ने साल 2025 की शुरूआत से भर्ती परीक्षा कराने की तैयारी शुरू की थी। पिछले परीक्षा कैलेंडर की कई परीक्षाएं साल के अंत तक नहीं हो पाई हैं। इसको देखते हुए अगले साल कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग सभी परीक्षाओं को समय पर कराने की तैयारी कर रहा है। पिछले साल की बची भर्ती परीक्षाओं के साथ ही अन्य भर्ती परीक्षाओं को जोडकर आगामी साल का परीक्षा कैलेंडर जारी किया गया है। 2025 की लंबित परीक्षाओं की तिथियां भी घोषितः कैलेंडर में वर्ष 2025 की कुछ परीक्षाओं की तिथियां भी शामिल की गई हैं। सहायक प्राध्यापक (कंप्यूटर साइंस) परीक्षा- 2025 का आयोजन 4 जनवरी 2026 को किया जाएगा। वहीं उप संचालक प्राचार्य (वर्ग 2) एवं सहायक संचालक (तकनीकी) परीक्षा 2025 22 फरवरी 2026 को तथा राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 22 मार्च 2026 को प्रस्तावित है। आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार अगले साल राज्य सेवा, राज्य वन सेवा, राज्य अभियांत्रिकी सेवा सहित सहायक प्राध्यापक की कई परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इससे लाखों अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी का स्पष्ट रोडमैप मिल गया है।



#### आयोग के अनुसार राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन

आयोग के अनुसार राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। इसके बाद राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2026 का आयोजन 7 सितंबर से 12 सितंबर 2026 के बीच प्रस्तावित है, जबकि राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2026 27 सितंबर 2026 को आयोजित होगी। मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) अगले साल 18 परीक्षाएं कराएगा। इनमें 11 भर्ती परीक्षा होगी। फरवरी 2026 में ग्रुप-1 सब-ग्रुप-2 भर्ती परीक्षा (10 फरवरी), तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती परीक्षा 18 फरवरी तथा ग्रुप-5 स्टाफ नर्स संयुक्त भर्ती परीक्षा प्रस्तावित है।

# पहली बार बांस से तैयार किया क्रिकेट बैट

### तराना निवासी घनश्याम पाटीदार ने पेटेंट के लिए आवेदन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले के तराना तहसील के रहने वाले घनश्याम पाटीदार ने एक अनोखा नवाचार किया है। उन्होंने बांस से क्रिकेट बैट तैयार कर यह साबित कर दिया है कि देसी संसाधनों से भी बेहतरीन खेल उपकरण बनाए जा सकते हैं। यह नवाचार बल्लेबाजों के गेंदबाजों का सामना करने के तरीके को बदल सकता है, खासकर टी 20 फॉर्मेट में।

घनश्याम पाटीदार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से उन्होंने यह प्रयोग किया। पारंपरिक लकड़ी के मुकाबले बांस हल्का, मजबूत और टिकाऊ होता है, जिससे यह क्रिकेट बैट खेलने के लिए उपयुक्त साबित हो सकता है। घनश्याम के बेटे परीक्षित इसका इस्तेमाल नेट प्रैक्टिस में कर रहे हैं।

परीक्षित ने घंटों नेट में इससे अभ्यास किया। यह न केवल मजबूत होता है, बल्कि अतिरिक्त उछाल के कारण इसमें अधिक शक्ति भी है।



परीक्षित के अनुसार, बांस का बल्ला इंग्लिश या कश्मीर विलो के बल्ले की तरह न केवल किफायती और टिकाऊ है, बल्कि मरम्मत योग्य भी होता है। उन्होंने कहा कि इससे शॉट खेलना आसान हो जाता है और गेंद बाउंड्री के पार चली जाती है। यह पहली बार है जब कोई बल्ला बांस से बनाया गया है, और घनश्याम पाटीदार ने इसके पेटेंट के लिए आवेदन किया है। इस बैट को बनाने में उन्होंने खास तकनीक का इस्तेमाल किया, ताकि बैट की मजबूती और संतुलन बना रहे। घनश्याम पाटीदार का कहना है कि अगर उन्हें सही मार्गदर्शन और समर्थन मिला, तो वे भविष्य में इसे बड़े स्तर पर तैयार कर सकते हैं।

# बेगमबाग में रात 10.30 बजे नाबालिग को मारे चाकू



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात 10.30 बजे 14 साल के बालक को घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया। चाकू के घाव होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। मामले में महाकाल थाना पुलिस घटना की जांच शुरू की है। बेगमबाग कालोनी में रहने वाला सुल्ताल पिता शफीक अपने 14 साल के भांजे सोयब पिता समीर को घायल हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। डॉक्टरों को बताया कि चाकू लगे है। इमरजेंसी कक्ष में घायल नाबालिग का उपचार कर उसे वार्ड में भर्ती किया गया। बताया जा रहा था कि कालोनी में नाबालिग दोस्तों के साथ बैठा था, तभी उसे किसी बात पर रहने वाले नाबालिग ने चाकू मार दिये। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि घायल बालक को अस्पताल भेजा गया है, मामले की जांच शुरू की गई है, घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जायेगा।

**सड़क दुर्घटना में युवक घायल-** रात में नरवर क्षेत्र के दशरथ पिता नाथुलाल 22 साल को ग्राम चंदेसरी गरोठ मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल होने पर एम्बुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची थी। हालत गंभीर होने पर उसे भर्ती किया। दशरथ बाइक पर सवार था उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। ड्युटी कम्पाउंडर राजेन्द्र पटेल ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

**पंवासा के युवक ने खाया जहर-** रात 10.30 बजे के लगभग पंवासा थाना क्षेत्र के रहने वाले 17 साल के अनूप नामक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे दोस्त अजय पिता प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा। अनुप की स्थित चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। अनूप ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया, इसकी जांच पंवासा थाना पुलिस द्वारा की जायेगी।

# महाराजा कॉलेज में डी.एल.एड. विद्यार्थियों हेतु लेसन प्लान कार्यशाला का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


महाराजा कॉलेज, उज्जैन में डी.एल.एड. (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) के विद्यार्थियों के लिए प्रभावी पाठ योजना निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, पाठ योजना के चरणों तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने की तकनीकों से अवगत कराना था।

कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के सी.ई.ओ. आदरणीय श्री शांतिलाल जैन के मार्गदर्शन में हुआ। अपने उद्घाटन उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एक सुव्यवस्थित पाठ योजना शिक्षणझअधिगम प्रक्रिया को सरल, रोचक और लक्ष्यपरक बनाती है। कार्यशाला में विशेष अतिथि के रूप में शासकीय डाइट कॉलेज, उज्जैन की वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. संगीता सिंह राठौड़ एवं डॉ. ज्योति जैन उपस्थित रहीं। डॉ. संगीता सिंह राठौड़ ने हर्बार्टियन विधि के अंतर्गत सम्पूर्ण लेसन प्लान की बारीकियों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. ज्योति जैन ने सामाजिक विज्ञान विषय की पाठ योजना, एएलएम विधि एवं परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को समूह कार्य के माध्यम से लेसन प्लान तैयार करने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तकों से जोड़ने हेतु महाविद्यालय की लाइब्रेरी के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म, के निःशुल्क उपयोग हेतु यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. सी.ए. वी.के. लड्डा, ए.ओ. डॉ. चित्रांगद उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. अनुराधा सुपेकर, डॉ. सुरेखा जैन, उप-प्राचार्य डॉ. मिताली बाजाज, वाइस प्रिंसिपल सुनील कुमार मंडेरिया, सहायक प्राध्यापक मुक्ता अग्रवाल, रंजना शिंदे, ममता अजवानी सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। तकनीकी सहयोग में अरुण सोनगरा एवं महाराजा टीम के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



उज्जैन
मंगलवार
23
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### राऊ में ज्वेलरी शॉप में चोरी, छत के रास्ते घुसे चोर

**इंदौर।** इंदौर के राऊ इलाके में सोमवार को एक ज्वेलर्स की दुकान के ताले टूटे मिले। बदमाश छत के रास्ते दुकान में घुसे और लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरों में बदमाश चोरी करते दिखे हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। राऊ पुलिस के अनुसार, यह घटना सिलिकॉन सिटी स्थित श्री ज्वेलर्स की है, जहां देवेंद्र सोनी दुकान का संचालन करते हैं। सोमवार करीब एक बजे उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद एसीपी निधि सक्सेना सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि बदमाश सोने-चांदी के लाखों रुपए के आभूषण चुराकर फरार हो गए हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उन्हें पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

### इंदौर में नहीं सुधर सके ट्रैफिक के हालात

**इंदौर।** शहर में ट्रैफिक जाम को लेकर इस साल चार बार हाई कोर्ट के दखल और हेल्पलाइन नंबर 7049107620 पर हर महीने 400 शिकायतें मिलने के बावजूद कोई सुधार नहीं दिख रहा है। गूगल मैप का सालभर का ट्रैफिक मैपिंग ट्रेंड बता रहा है कि शहर के 8 इलाके ऐसे हैं, जहां रोज 15 मिनट से पौन घंटे तक जाम के हालात बनते हैं। खजराना चौराहा, राऊ-शिप्रा बायपास और जवाहर मार्ग सहित कई जगह डेढ़ से 2 घंटे तक जाम के हालात बनते हैं। शाम को अगर आप गूगल मैप पर इन इलाकों का रूट देखें तो यह रेड और यलो ही बताता है। लोगों का कहना है कि बार-बार इन इलाकों में जाम के हालात बनने के बावजूद ट्रैफिक पुलिस अतिरिक्त जवान तैनात नहीं करती। ट्रैफिक डीसीपी आनंद कलादगी का कहना है, लोगों को अब एप से रूट डायवर्शन की सूचना देंगे। यह एप रियल टाइम ट्रैफिक अपडेट, घटना-दुर्घटना की तुरंत रिपोर्ट करने और चालान के ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के लिए बनाया जा रहा है। इसमें और भी फीचर रहेंगे। इस एप की सुविधा दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे बड़े शहरों में पहले से ही लागू है। इस एप से रियल टाइम अलर्ट भी मिलेंगे। जैसे कहां जाम लगा है। कहां वीआईपी मूवमेंट है।

### इंजीनियर को कुंडली दोष बताकर पूजन के नाम पर 6.20 लाख ठगे

**इंदौर।** एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कुंडली में दोष बताकर हवन, पूजा, पाठ के नाम पर उससे 6.20 लाख रुपए ठगने का मामला दर्ज हुआ है। सोशल मीडिया पर एक ठग ने खुद को एस्ट्रोलॉजर और बाबा बताया था। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया, निजी आईटी कंपनी में कार्यरत 24 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। इंजीनियर लाइफ और रिलेशनशिप को लेकर परेशान था। वह कई लोगों से संपर्क कर चुका था, लेकिन उसे लग रहा था कोई हल नहीं निकलेगा। इसी दौरान उसने सोशल मीडिया पर एक विज्ञापन देखा। सामने वाले ने खुद को एस्ट्रोलॉजर बताया और दावा किया कि वह हर समस्या का समाधान कर देगा। इंजीनियर ने उससे संपर्क किया। कुछ देर बाद आरोपी ने उसकी कुंडली में गंभीर दोष होने की बात कही। इससे छुटकारे के लिए हवन-पूजन और विशेष अनुष्ठान कराने की सलाह दी। इसके लिए आरोपी ने अलग-अलग खातों में 6.20 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए और संपर्क बंद कर दिया। क्राइम ब्रांच ने आम नागरिकों के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की है। पुलिस का कहना है कि इस तरह के मामलों में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। पुलिस ने इन बिंदुओं पर अमल करने को कहा।

### इंदौर एयरपोर्ट के विकास को लेकर हुई बैठक, सांसद बोले- सिंहस्थ 2028 की प्लानिंग के साथ काम होगा

# ढाई करोड़ यात्री क्षमता का एयरपोर्ट बनाने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



इंदौर एयरपोर्ट परिसर में सोमवार को यात्रियों की सुविधाओं और भविष्य की जरूरतों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मौजूदा समस्याओं के समाधान के साथ एयरपोर्ट के दीर्घकालिक विकास की रूपरेखा तय करना था। सांसद शंकर लालवानी की पहल पर दिल्ली से एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी शरद कुमार (ऑपरेशन एवं प्लानिंग) और अनुराग मिश्रा विशेष रूप से इंदौर पहुंचे और एयरपोर्ट की वर्तमान व्यवस्थाओं, चल रहे कार्यों व प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा की।

यह बैठक हाल ही में सांसद शंकर लालवानी की नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से नई दिल्ली में हुई मुलाकात के बाद आयोजित की गई। उस बैठक में इंदौर एयरपोर्ट पर बढ़ते यात्री दबाव, पार्किंग, सुरक्षा जांच, टर्मिनल क्षमता और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा हुई थी। मंत्री के निर्देश के बाद अअक के वरिष्ठ अधिकारी इंदौर पहुंचे और जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन किया। बैठक में विशेष रूप से सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट के दीर्घकालिक विकास प्रोजेक्ट्स पर फोकस किया गया। अअक के एजेंडे में मल्टी लेवल कार पार्किंग, प्री-एंबार्केशन सिक्योरिटी चेक प्वाइंट का विस्तार, ट्रैफिक जाम कम करने के लिए नए व्हीकुलर लेन, नया टर्मिनल भवन, प्रशासनिक भवन, रनवे विस्तार और पैरेलल टैक्सीवे जैसे प्रस्ताव शामिल रहे। इस दौरान सांसद लालवानी ने कुछ कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एटीआर विमानों के संचालन के लिए पुराने टर्मिनल से जुड़ी तैयारियां अब तक पूरी हो जानी चाहिए थीं। साथ ही रनवे कारपेटिंग कार्य में देरी पर भी असंतोष जताते हुए अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात के बाद अधिकारियों का इंदौर आना यह दशार्ता है कि केंद्र सरकार इंदौर एयरपोर्ट के विकास को लेकर गंभीर है और आने वाले समय में बड़े फैसले लिए जाएंगे। बैठक में सुरक्षा जांच व्यवस्था को लेकर भी अहम चर्चा हुई। पीक आवर्स में यात्रियों की लंबी कतारों को कम करने के लिए सांसद शंकर लालवानी ने सुझाव दिया कि इंदौर एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी जांच के लिए चार गेट ऊपर और चार गेट नीचे उपलब्ध हैं, लेकिन फिलहाल पूरा यात्री दबाव ऊपर के गेट्स पर ही रहता है। उन्होंने कहा कि नीचे से जाने वाले यात्रियों की सिक्योरिटी जांच नीचे ही की जाए, ताकि भीड़ का संतुलन बने और अव्यवस्था कम हो, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। बैठक में रनवे को वर्तमान 2754 मीटर से बढ़ाकर 3500 मीटर करने, रडार सिस्टम की स्थापना, मेट्रो कनेक्टिविटी, ट्रैफिक मूवमेंट के लिए अलग एंट्री-एग्जिट सिस्टम, एयरपोर्ट के आसपास आवारा कुत्तों की समस्या और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े विषय भी प्रमुख एजेंडा में शामिल रहे।

#### ढाई करोड़ यात्रियों की सालाना क्षमता की तैयारी

- इंदौर एयरपोर्ट की सालाना यात्री क्षमता लगभग 40 लाख यात्रियों की है। प्रस्तावित मास्टर प्लान के तहत इसे पहले चरण में बढ़ाकर एक करोड़ यात्रियों तक और दूसरे चरण में ढाई करोड़ यात्रियों की सालाना क्षमता तक ले जाने की तैयारी है।
- इसके लिए लगभग 89 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में पार्किंग क्षेत्र पर अत्यधिक दबाव है, जिससे यात्रियों को टर्मिनल में प्रवेश और निकास के दौरान परेशानी होती है। इसके समाधान के लिए मल्टी लेवल कार पार्किंग के निर्माण को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। इसके निर्माण से पार्किंग की समस्या में राहत मिलने और पीक आवर्स के दौरान ट्रैफिक दबाव कम होने की उम्मीद है।

## कोचिंग में नाबालिग छात्राओं के सामने अश्लील हरकत

### शिक्षिका की शिकायत की तो बिना कारवाई के लौटाया, वीडियो लेकर कमिश्नर के पास पहुंची

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



परदेशीपुरा क्षेत्र की एक कोचिंग संचालिका शिक्षिका ने सोमवार को कमिश्नर संतोष सिंह को शिकायत की है। उन्होंने बताया कि इलाके में रहने वाला एक आरोपी कोचिंग पर आने जाने वाली नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ करता है। वह जब मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंची तो वहां पर पुलिस ने लिखित शिकायत लेकर रख ली। वहीं आरोपी से लिखित माफीनामा लेकर छोड़ दिया। थाने से बाहर निकलने के बाद आरोपी ने फिर से धमकियां दी।

पलासिया पुलिस कमिश्नर आफिस पर विजय सिंह झाला की शिकायत लेकर परदेशीपुरा में कोचिंग चलाने वाली एक शिक्षिका पहुंची थी। शिक्षिका ने बताया कि विजय झाला आए दिन कोचिंग सेंटर के पास में खड़ा होकर छात्राओं को अपशब्द कहता है। अपने पास टॉफी देने की बात कर बुलाता है। कोचिंग टीचर आपत्ति लेती हैं तो धमकियां देता है। पूर्व में कोचिंग के पास आकर अपने कपड़े उतारकर अर्द्ध नग्न होकर टीचर को बुरी नीयत से देखने के साथ फायर करने की धमकी भी दी। डर के चलते टीचर ने मामले में शिकायत नहीं की।

टीचर ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ साल पहले विजय को लेकर आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले में एमजी रोड थाने में कार्रवाई हो चुकी है। तब सिकलीगरों से हथियार खरीदने बेचने को लेकर आरोप लगे थे। 19 दिसंबर को भी सुबह 11 बजे के लगभग विजय झाला ने अश्लील इशारे किए। पुलिस की डायल 112 बुलाने विजय को थाने ले जाया गया।

यहां माफीनामा लिखने के बाद उसे छोड़ दिया,थाने से घर पहुंचते से ही उक्त विजय ने फिर से अपशब्द कहे। इस पर विडियो भी बनाए। टीचर ने फिर से 112 को बुलाया।,थाने जाकर एफआईआर करने की बात कही। यहां मौजूद ड्यूटी अफसर ने टीआई आरडी कानवा के 6 बजे आने के बाद आने की बात कही। शिकायत लेने से भी इंकार कर दिया। वीडियो बताने के बाद भी थाने में खड़ा रखा। वरिष्ठ अफसरों ने इस मामले में विजय झाला को लेकर कार्रवाई करने की बात कही है।

इस मामले में कुछ दिन पहले ही पुलिस कमिश्नर ने थानों में ड्यूटी ऑफिसर को तत्काल त्र्फ्रकरने के दिशा निर्देश दिए थे। वहीं थानों में बीट सिस्टम मजबूत कर अपराधियों पर कार्रवाई की बात कही थी। जबकि महिला सबंधी मामलो में पुलिस काफी सजग रहती है।

## इंदौर पहुंचे जेपी नड्डा का सीएम ने किया स्वागत, पगड़ी पहनाई



**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और मोर्चों के पदाधिकारियों को देखकर मुझे नई ऊर्जा मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक उद्देश्य, एक विचार और एक लक्ष्य के साथ देश को आगे बढ़ा रही है। वे सोमवार को इंदौर पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बता दें, जेपी नड्डा बैतूल में मंगलवार को मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास और भूमिपूजन करेंगे।

## नौ विकेट से इंदौर को हराकर भोपाल मीडिया टीम ने वार्षिक मैत्री मैच जीता

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



**टी-20 मैच में शुक्ला, अग्निहोत्री, मौर्य और साध्य को विशेष पुरस्कार**

भोपाल मीडिया टीम ने इंदौर मीडिया टीम को 30वें वार्षिक मैत्री टी-20 क्रिकेट मैच में करारी मात देते हुए नौ विकेट से पराजित किया।

यशवंत क्लब मैदान पर स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा आयोजित प्रदेश प्रकाश मैत्री मैच में इंदौर मीडिया इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी जोड़ी राजकुमार अग्निहोत्री और तनिष्क शर्मा ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। अग्निहोत्री ने सर्वाधिक 25 रन बनाये और फिर असीम जैन ने 22 रनों का योगदान दिया। 12.4 ओवर में इंदौर टीम ने भोपाल को 127 रनों का लक्ष्य दिया। भोपाल के कप्तान इंद्रजीत मौर्य ने गेंदबाजी में कप्तान की भूमिका निभाते हुए सर्वाधिक तीन विकेट झटके। विवेक साध्य और ललित कटारिया ने दो-दो एवं रामकृष्ण यदुवंशी ने एक विकेट लिया।

जवाब में भोपाल टीम की सलामी जोड़ी अक्षत शर्मा और आनंद रजक ने इंदौर के गेंदबाजों की पहले पांच ओवर में लय बिगाड़ कर अपनी जीत पक्की कर ली थी। शर्मा ने 41 और रजक ने 15 रन जोड़े। प्रभात शुक्ला ने विकेट पर आते ही शॉटों की झड़ी लगाकर नाबाद 45 रन बटोरे और टीम को जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

भोपाल टीम विजेता, इंदौर टीम उपविजेता, मैंन ऑफ द मैच प्रभात शुक्ला, बेस्ट बेट्समैन राजकुमार अग्निहोत्री, बेट्स बोलर इंद्रजीत मौर्य एवं बेस्ट फील्डर विवेक साध्य को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

प्रारंभ में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, मुख्य महासचिव नवनीत शुक्ला, प्रदेश प्रकाश के संपादक अनंत बिल्लोरे, उद्योगपति अमरीश पचोरिया, वरिष्ठ पत्रकार गणेश एस चौधरी ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि थे एमपीसीए के सचिव सुधीर असनानी, वरिष्ठ कमेंटेटर पद्मश्री सुशील दोषी, जॉइंट कलेक्टर राकेश शर्मा, सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी, पूर्व कुलपति डॉ. मानसिंह परमार एवं वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र जैन। इस अवसर पर अतिथियों ने व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खेलकूद का समय निकालने के लिए मीडियाकर्मियों को बधाई दी। अतिथियों ने कहा कि मैत्री मुकाबले से जीवन में सकारात्मकता आती है, जिसका असर लेखन पर भी पड़ता है।

## खबर एक नजर...

### मप्र गुजराती सेन समाज के ट्रस्टियों की बैठक आज

**उज्जैन।** मप्र गुजराती सेन समाज ट्रस्ट उज्जैन के ट्रस्टियों की बैठक आज 23 दिसंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे से ढाबा रोड स्थित ट्रस्ट कार्यालय शेषनारायण मंदिर में होगी। ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक राठौर घुड़ावन ने 8 जिलों के समस्त ट्रस्टी से बैठक में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

### वरिष्ठ साईकलिस्ट शशिकांत वीरकर पुडुचेरी (पाँडीचेरी) मे सम्मानित

**उज्जैन।** युथ हॉस्टेल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया उज्जैन युनिट के वरिष्ठ सदस्य एवं साईकलिस्ट शशिकांत वीरकर को केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित ऌखेलो इंडियाऌ के तहत राष्ट्रीय साईकलिंग प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 21 दिसंबर को पुडूचेरी (पाँडीचेरी)मे सम्मानित किया गया। युथ हॉस्टेल्स के मीडिया प्रभारी जयंत तेलंग ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री मनसुखलाल मंडाविया द्वारा वीरकर जी को सम्मानपत्र एवं रेसर साईकल देकर सम्मानित किया गया। शशिकांत वीरकर की इस अभूतपूर्व उपलब्धी पर उज्जैन युथ हॉस्टेल्स एसोसिएशन के पदाधिकारी दिलीप चौहान, अशोक वर्मा, गोपाल महाकाल, निर्दोष निर्भय पाठक, अनिता गौर, अनुपमा झा, जयंत तेलंग, मिलन गुप्ता इत्यादी ने बधाई देकर सन्मानित किया।

### संस्कृत महाविद्यालय में मनाया गणित दिवस

**उज्जैन।** श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर संस्कृत महाविद्यालय में पूरे स्टाफ एवं विद्यार्थियों के साथ गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद यश शर्मा डीआर, ममता मलिक ने रामानुजन के जीवनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रामानुजन ने सभी विषयों में फेल होते हुए मात्र गणित विषय को अपनाया और कम उम्र में अपने आप को जागृत किया। अंको को लेकर के जबरदस्त काम किया। जिससे आज भी उनकी थ्योरी को एआई क्रिस्टलोग्राफी और कंप्यूटर एल्गोरिथम में प्रयोग किया जा रहा है। रामानुजनजी के विचार थे, ऌमेरे लिए गणित के उस सूत्र का कोई मतलब नहीं है जिसमें मुझे आध्यात्मिक विचार न मिलते हों।ऌ अध्यक्षी उद्बोधन डॉ सीमा शर्मा ने दिया। संचालन डॉ, गणेश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में डॉ श्रेयश कोरान्ने, डॉ. सदानंद त्रिपाठी, रमाशंकर कोल, कालूराम शर्मा, डॉ. महिमा शास्त्री एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम गीव इन बेक का सबसे श्रेष्ठ उदाहरण है

## सेवा के लिए डिग्री की आवश्यकता नही होती इसका उदाहरण है सेवाधाम -बी. एल. संतोष, राष्ट्रीय महासचिव भारतीय जनता पार्टी



### अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में देश विदेश से आए सोशल वर्कर्स की उपस्थिति में द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस के समापन अवसर पर बी एल संतोष को सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में भारतीय शिक्षा मण्डल एवं सामाजिक कार्य विभाग सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में द्वि-दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंसऌ का देश विदेश से आए 500 से अधिक अतिथिगणों की उपस्थिति में बी. एल. संतोष, राष्ट्रीय महासचिव भारतीय जनता पार्टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवाधाम आश्रम को गीव इन बेक का सबसे श्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए कहा कि सरकार में ऐसा नहीं होता है, जिनको परमानेंटली कार्ड मिल गया, परमानेंटली लाड़ली बहना मिल गई, अन्य कोई सुविधा परमानेंटली मिल गई, उसे लक्ष्य पूरा होने के बाद भी सुविधा वापस करना चाहिए, लेकिन सरकार में ऐसा नहीं होता लेकिन गर्व से कहता हूं कि अंकितग्राम सेवाधाम जैसी सामाजिक संस्थाओं में जिस दिन लाभार्थी अपने पेरों पर खड़ा होता है वह गीव इन बेक की भावना के साथ काम करता है, सेवाधाम में यही मैंने स्वयं देखा और अनुभव किया है। यहाँ जो लोग अपना दुख को दूर करने आए थे और अब सक्षम होकर सेवा में लगे है। हमें यही निस्वार्थ सेवा इस सनातन संस्कृति को बताना है और तभी आप सभी प्रतिभागियों का कान्फ्रेंस में आना सार्थक होगा। उन्होंने आगे कहा कि यहां रहने वाले 1200 $ लाभार्थियों के आकड़ो के मायने समझाते हुए कहा कि 1200 की संख्या बहुत बड़ी बात नही है, बहुत सारे अपार्टमेंट में 1200 लोग स्वयं के साथ कुत्तो, बिल्लीयों, पालतू जानवरों को भी संभालते है, गांवों में गाय, बकरी सब संभालते है किन्तु अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में 1200 में से 1100 पीड़ितों को कोई अन्य संभालता है, इससे इस आश्रम की गंभीरता का और सेवा का वाल्यूम समझ में आता है, यहां जो आए है वह सरकार की व्यवस्था में जिंदगी भर लावारिस है लेकिन सुधीर बाबा और उनका परिवार उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ रहे है, जिनके शरीर से कीड़े निकाले वह आज सेवा में लगे हुए है। राजनेताओं को भी सीख देते हुए कहा कि सेवाधाम जैसी संस्थाओं की मदद करना चाहिए, यदि नही कर पाए तो कोई समस्या हो तो उसमें सहयोग करना चाहिए।

# सीखने का उत्कृष्ट माध्यम है शैक्षणिक भ्रमण - डॉ. वंदना गुप्ता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन के कला संकाय की छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता के कुशल निर्देशन में इंदौर स्थित कस्तूरबा ग्राम का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, महात्मा गांधी के विचारों तथा स्वदेशी आंदोलन की भावना से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था।

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने कस्तूरबा ग्राम में स्थापित चित्र प्रदर्शनी एवं ऐतिहासिक दस्तावेजों के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों एवं उनके विचारों को गहराई से जाना। छात्राओं ने यह समझा कि किस प्रकार महात्मा गांधी ने चरखे को आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और जनजागरण का सशक्त माध्यम बनाकर देशवासियों को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा। गांधीजी के स्वदेशी वस्त्र, सादा जीवन-उच्च विचार और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना ने छात्राओं को विशेष रूप से प्रभावित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि ऌशैक्षणिक भ्रमण पुस्तकीय ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। ऐसे भ्रमण छात्राओं में ऐतिहासिक चेतना, राष्ट्रप्रेम तथा सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं।ऌ उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में आत्मविश्वास, जिज्ञासा और सीखने की रुचि बढ़ती है।

भ्रमण के दौरान छात्राओं को स्वदेशी वस्त्रों के महत्व, ग्रामीण विकास, जैविक जीवनशैली तथा आत्मनिर्भरता की अवधारणाओं की जानकारी भी दी गई। यह भ्रमण न केवल शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी रहा, बल्कि छात्राओं के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक अनुभव भी सिद्ध हुआ।

इस शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. कविता जैन, डॉ.मीना मोघे ,डॉ. मनीष परमार, डॉ. आनंद सिंदल, डॉ. अंजना बुन्देला एवं डॉ. पीयूष पाण्डेय की सक्रिय सहभागिता रही। सभी प्राध्यापकों ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए भ्रमण को सफल बनाया।

समग्र रूप से यह शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के लिए इतिहास, संस्कृति एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना से जुड़ने का एक सार्थक प्रयास रहा।

### मित्र मिलन काव्य गोष्ठी में किया काव्य पाठ, लघु कथा संग्रह कोहरे में कंदील का विमोचन

**उज्जैन।** दिल्ली के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि डॉ सुशील ऌशैलीऌ के शुभागमन पर कवियों द्वारा एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी की सुसंयोजित परिकल्पना सुरेंद्र सिंह राजपूत हमसफर देवास एवं राजेंद्र जैन की रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिंदी मालवी गीतकार सीमा देवेन्द्र थी। सारस्वत अतिथि डॉ सुशील शैली थे। अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार एवं गजलकार डॉ विजय सुखवानी ने की। शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सर्वप्रथम प्रगति बैरागी द्वारा माँ शारदे की वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथि सम्मान के पश्चात कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र सिंह राजपूत हमसफर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ कवि व्यंग्यकार सुनील गाइड तराना के द्वारा किया गया। नवोदित कवि गौरव त्रिवेदी, अनुज पांचाल, राजेंद्र जैन, सुगनचंद जैन, संदीप सृजन, डॉ विक्रम विवेक, राकेश चौरडिया, प्रगति बैरागी, सुरेंद्र सिंह राजपूत हमसफर के साथ ही उपस्थित अतिथियों सीमा देवेन्द्र, डॉ सुशील शैली, डॉ विजय सुखवानी, सुनील गाइड आदि ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह राजपूत हमसफर की लघु कथा संग्रह कोहरे में कंदील का विमोचन भी किया गया।

# देश के अनेक राजनेताओं, विद्वानों और साहित्यकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

### श्रीमती मोहिनीदेवी शर्मा की देह पंच तत्व में विलीन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला के आचार्य प्रो जगदीशचंद्र शर्मा और सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलानुशासक प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा, राजनीति विज्ञान की प्रो मधुकांता समाधिया, बाँदा, उत्तर प्रदेश की माताजी, वरिष्ठ समाजसेवी नरेश शर्मा की मौसीजी एवं शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्रो राजश्री शर्मा की सासू मां श्रीमती मोहिनीदेवी शर्मा के असामयिक निधन पर शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा 22 दिसंबर, सोमवार प्रातः महानन्दानगर स्थित निज निवास से चक्रतीर्थ के लिए रवाना हुई, जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रो जगदीश चंद्र शर्मा ने मुखाग्नि दी।

श्रीमती शर्मा के निधन पर देश के अनेक संस्था प्रमुखों, राजनेताओं, विद्वानों, साहित्यकार और संस्कृतिकर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, बेंगलुरु, उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने श्रीमती शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। चक्रतीर्थ पर आयोजित शोक सभा की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रामराजेश मिश्र ने की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ विद्वान पद्मश्री डॉ भगवतीलाल राजपुरोहित, पूर्व कुलपति प्रो. नागेश्वर राव, पूर्व कुलपति प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी पूर्व कुलपति प्रो. बालकृष्ण शर्मा, प्रो गोपाल कृष्ण शर्मा, विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, वरिष्ठ कार्यपरिषद सदस्य राजेशसिंह कुशवाह, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, प्रो. हरिमोहन बुधौलिया, वित्त नियंत्रक डॉ जे एस तोमर, लोक गायक पद्मश्री कालूराम बामनिया, देवास, प्रो शैलेंद्र पाराशर, इग्नू नई दिल्ली के प्रो. राजीव शुक्ला, श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शर्मा गुरु, सम्राट विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, मध्यप्रदेश लेखक संघ के डॉ हरीश कुमार सिंह, सरल काव्यांजलि के संतोष सुपेकर, प्रदीप सरल, विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के प्रो. डी एम कुमावत, डीएसडब्ल्यू प्रो. एस के मिश्रा, प्रो अनिल कुमार जैन, प्रो बी के आंजना, प्रो धर्मेंद्र मेहता, प्रो. डी डी बेदिया, डॉ रमण सोलंकी, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ कानिया मेड़ा, भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के कुलसचिव डॉ सुशील मंडेरिया, माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्रो लक्ष्मणसिंह गौरसिया, डॉ मृदुल चंद्र शुक्ल, पार्षद जगदीश पांचाल, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक यादव, शिक्षाविद ब्रजकिशोर शर्मा, राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संगठन मंत्री डॉ प्रभु चौधरी, कालिदास अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ संतोष पंड्या, अजय मेहता, पत्रकार डॉ सुशील कुमार शर्मा, प्रतिकल्पा के कुमार किशन, अक्षर वार्ता एवं कृष्ण बसंती के सम्पादक डॉ मोहन बैरागी, रुचिर प्रकाश निगम आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रीमती शर्मा को नागरी लिपि परिषद, नई दिल्ली, भारतीय हिंदी परिषद प्रयागराज, भारतीय हिंदी प्राध्यापक हिंदी परिषद, गांधीनगर, हिंदी परिवार इंदौर, अभिनव रंगमंडल, आदि सहित देश की अनेक संस्थाओं के प्रमुखों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबर एक नजर...

### स्वंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने संजय चौबे

उज्जैन। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ संजय कामले की सहमति से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी समस्त प्रकोष्ठ विभाग डॉ महेंद्र सिंह ने उज्जैन के संजय चौबे को मध्य प्रदेश कांग्रेस स्वंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया।

इसी के साथ उज्जैन के 4 लोगों को प्रदेश प्रबंध समिति में स्थान दिया गया है। जिनमें उपाध्यक्ष कांति कुमार वैध, उपाध्यक्ष शीला व्यास, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह चौहान, सदस्य प्रदेश प्रबंध समिति में डॉ अनुज व्यास को स्थान मिला है। उक्त नियुक्तियों के बारे में संजय चौबे ने बताया की अभी प्रदेश के करीब 30 जिलों में पदाधिकारी नियुक्ति किये गये है शेष बचे जिलों में शीघ्र ही गठन किया जायेगा। आपने कहा सेनानी प्रकोष्ठ के गठन का मुख्य उद्देश्य देश एवं प्रदेश के स्वंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद परिवारों को कांग्रेस की मुख्य धारा से जोड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करना है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश करवाहक अध्यक्ष कुलदीप घरिया आदि ने संजय चौबे सहित नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। उक्त जानकारी कांग्रेस के पूर्व महासचिव सुदर्शन गोयल एवं समाज सेवी मनोहर परमार ने दी।

### श्रीमद् भागवत रसपान महोत्सव 25 दिसं. से

मन्दसौर। श्रीमद् भागवत रसपान महोत्सव 25 से 31 दिसंबर तक स्व. बंशीलाल पलोड़ एवं स्व. कंचनबाई पलोड़ की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों द्वारा रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन, नयापुरा रोड, मन्दसौर पर दोप. 12.15 से 4.15 तक होगा।

# वैवाहिक परिचय सम्मेलन में एक मंच पर अनेक रिश्ते देखने का सुनहरा अवसर मिलता है - अग्रवाल

### विवाह योग्य युवक युवतीयों का परिचय सम्मेलन, मनपसंद जीवन साथी चुनने का सुनहरा अवसर : अग्रवाल

### अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन में संस्कारिक परिवारों को महत्व देने पर जोर दिया, विवाह योग्य युवक युवतियों ने : अग्रवाल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दो दिवसीय अखिल भारतीय अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन के चतुर्थ समापन सत्र के अवसर पर सम्मेलन संयोजक विजय अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि यह मंच मनपसंद जीवन साथी चुनने का सुनहरा अवसर होता है। वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। एक ही छत के नीचे बहुत सारे रिश्ते समझने और देखने का अवसर प्राप्त होता है। यह सम्मेलन लगातार किया जाना चाहिए।

उज्जैन अग्रवाल जेसिस के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि द्वितीय दिवस पर महाराजा अग्रसेनजी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। अग्रवाल महिला जैसीस द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र थी। देशभर से आए हुए विवाह योग्य लड़के लड़कियों का मेला लगा था। बारी-बारी से मंच पर आकर सभी युवक-युवतियां परिचय दे रहे थे लेकिन एक बात सब में समान थी। सभी बच्चे बच्ची संस्कारित परिवार चाहते थे। विदेश में नौकरी करने वाले या व्यापार करने वाले बच्चे भी सुसंस्कृत बहू पसंद कर रहे थे। बहुत सारे रिश्तों की चचाएँ हुई। एक छत के नीचे ढेर सारे रिश्तों की बेला में सैकड़ो परिवारों में विवाह योग्य बच्चे बच्चियों के रिश्ते करने में सहूलियत होगी। दिनभर परिचय का दौर चला। अंतिम और चतुर्थ समापन सत्र में लकी ड्रा के माध्यम से मंच से परिचय देने वाले लड़के लड़कियों को 43 इंच का कलर टीवी, डिनर सेट, चांदी के सिक्के, और ढेर सारे उपहार पंचायत न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं ट्रस्टी विजय अग्रवाल, परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष जगदीशचंद्र गोयल, जयकिशन अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, नीलम मित्तल, सरोज अग्रवाल द्वारा प्रदान किये गए। सम्मेलन में सक्रियता से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। परिचय सम्मेलन में ट्रस्टी संजय अग्रवाल, मधुर गर्ग, दीपक मित्तल, जय किशन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, पूर्व ट्रस्टी कैलाश मित्तल, जगदीश गोयल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जगदीश अग्रवाल, राजेंद्र महेश अग्रवाल, महेश गुप्ता, तरुण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजेश गुप्ता, अजीत मंगलम, अमित गोयल, इंद्रेश अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, शर्मिला गुप्ता, उषा गोयल, टीना अग्रवाल, नीलम मित्तल, नीतिका अग्रवाल, गीता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, मास्टर चिरायु अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, रंजीत अग्रवाल, निहारिका गर्ग, मीनल गुप्ता, शारदा गर्ग सहित बड़ी संख्या में जैसीस परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भार्गव सभा ने किया वृद्धजनों का सम्मान

### राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का भी हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय भार्गव सभा के वार्षिक अधिवेशन में 70 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं एवं 75 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का सम्मान किया गया।

प्रचार प्रसार समिति के संयोजक राकेश भार्गव एवं सह संयोजक शिवम भार्गव ने बताया कि देश के विभिन्न शहरों से आए 27 वृद्धजनों को अखिल भारतीय भार्गव सभा के अध्यक्ष अनिल भार्गव रिवाड़ी एवं प्रधान सचिव संजय कुमार भार्गव द्वारा शाल, प्रशस्ति पत्र, चांदी का सिक्का एवं श्रीफल देकर उनकों सम्मानित किया गया। साथ ही मान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ।




जिसमे 16 कैटेगरी में 85 पुरुस्कार दिए जाते हैं। जिसमें 10वीं, 12वीं, इंजीनियरिंग, मेडिकल, चार्टर्ड अकाउंटेंट, एवं बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों तथा अन्य क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष अलग अलग विभिन्न श्रेणियों में कुल 50 अवार्ड दिए गए जिसमें प्रशस्ति पत्र, स्मारिका एवं चाँदी का मेडल अतिथि के रूप में मौजूद अखिल भारतीय भार्गव सभा के प्रधान अनिल भार्गव, प्रधान सचिव संजय भार्गव, कोषाध्यक्ष विजय भार्गव, उप प्रधान अजय भार्गव, मोहित भार्गव, विवेक भार्गव द्वारा प्रदान किये। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन हेमन्त भार्गव जयपुर, ऋतु भार्गव दिल्ली एवं सुधीर भार्गव उज्जैन द्वारा किया गया।

# बांस से तैयार किया क्रिकेट बैट- यह साबित किया कि देसी संसाधनों से भी बेहतरीन खेल उपकरण बनाए जा सकते



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले के तराना तहसील के रहने वाले घनश्याम पाटीदार ने एक अनोखा नवाचार कर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बांस से क्रिकेट बैट तैयार कर यह साबित कर दिया है कि देसी संसाधनों से भी बेहतरीन खेल उपकरण बनाए जा सकते हैं। यह नवाचार बल्लेबाजों के गेंदबाजों का सामना करने के तरीके को बदल सकता है, खासकर टी 20 प्रारूप में।

घनश्याम पाटीदार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से उन्होंने यह प्रयोग किया। पारंपरिक लकड़ी के मुकाबले बांस हल्का, मजबूत और टिकाऊ होता है, जिससे यह क्रिकेट बैट खेलने के लिए उपयुक्त साबित हो सकता है। घनश्याम के बेटे परिक्षित पिछले एक साल से इसका इस्तेमाल नेट प्रैक्टिस में कर रहे हैं। परिक्षित ने घंटों नेट में इससे अभ्यास किया। यह न केवल विलो बल्ले जितना मजबूत है, बल्कि अतिरिक्त उछाल के कारण इसमें अधिक शक्ति भी है, परिक्षित के अनुसार, बांस का बल्ला विलो के बल्ले की तरह न केवल किफायती और टिकाऊ होता है, बल्कि मरम्मत योग्य भी होता है। उन्होंने कहा, इससे शॉट खेलना आसान हो जाता है और गेंद बाउंड्री के पार चली जाती है यह पहली बार है जब कोई बल्ला बांस से बनाया गया है, और घनश्याम पाटीदार ने इसके पेटेंट के लिए आवेदन किया है। इस बैट को बनाने में उन्होंने खास तकनीक का इस्तेमाल किया, ताकि बैट की मजबूती और संतुलन बना रहे।

घनश्याम पाटीदार का कहना है कि अगर उन्हें सही मार्गदर्शन और समर्थन मिला, तो वे भविष्य में इसे बड़े स्तर पर तैयार कर सकते हैं।

तराना क्षेत्र में यह अनोखी पहल अब चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग घनश्याम पाटीदार के इस प्रयास को इमेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सराहनीय कदम बता रहे हैं।

### मोहम्मद रफी के जन्मदिन पर संगीत संध्या 24 दिसंबर को

**उज्जैन।** ऑनेस्टी म्यूजिकल एकेडमी द्वारा मोहम्मद रफी के जन्मदिन के अवसर पर 24 दिसंबर को कालिदास अकादमी में संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से दिवंगत फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र को मोहम्मद रफी के द्वारा गाए हुए उनके गीतों द्वारा श्रद्धांजलि दी जावेगी।

संस्था प्रमुख हरपाल सिंह चावला ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप कलावती यादव निगम सभापति, डॉ. सतविंदर कौर सलूजा वरिष्ठ स्त्री रोग चिकित्सक, यू.एस. छाबड़ा अध्यक्ष उज्जैन सिटी ट्रेड कौंसिल एवं डायरेक्टर अध्यक्ष उज्जैन बैंक कर्मचारी क्रेडिट सोसाइटी, शैलेन्द्र चित्तौड़ा ब्रांच मैनेजर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक, चरणजीत सिंह कालरा गुरुद्वारा सुखसागर फ्रीगंज, विशाल खटीक जिला अध्यक्ष क्षत्रिय मालवा खटीक सेना आदि उपस्थित रहेंगे। ऑनेस्टी म्यूजिकल एकेडमी के सिंगर राजेश पलोड़, डॉ.पिंकेश डफरिया, ललित भावसार, प्रकाश वर्मा, अरुण पाटीदार, तुषार वर्मा, पार्थ दुबे, अरशद मीर, अंशिता कानूनगो, करुणा भावसार, पूनम नामदेव, प्रियंका दुबे (देवास), चित्रा परिहार, तेजस्वी महाजन आदि अपनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। एंकरिंग हिमालय निगम द्वारा की जावेगी।

# स्वास्थ्य शिविर में 123 की जांच, 19 के मोतियाबिंद के ऑपरेशन निःशुल्क कराये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति, लायंस क्लब उज्जैन महाकाल, अमृत हॉस्पिटल इंगोरिया के संयुक्त तत्वाधान में युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन मिशन वर्ष 2025-2026 का चौथा कैंप श्री हिरदेश्वर महा देव मंदिर पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास आयोजित किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि शिविर में निःशुल्क आंखों की जांच, निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन, शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सागर मारोठिया द्वारा दातों की जांच, गले रोग की जांच की गई। शिविर में 123 लोगों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण पश्चात 19 पेशेंट मोतियाबिंद के पाए गए जिन्हें ऑपरेशन के लिए अमृत हॉस्पिटल इंगोरिया भेजा गया। दवा, चश्मा, ऑपरेशन, लाने और ले जाने की व्यवस्था, ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था



निःशुल्क अमृत हॉस्पिटल की तरफ से की गई। शुगर, ब्लड प्रेशर आदि जांच श्रीजी हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर के द्वारा निःशुल्क की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी महेश लड्डा नरसिंह मंदिर सराफा के ट्रस्टी, अध्यक्ष लायन कैलाश डागा, पंकज निमा, नरेंद्र राठी, समाजसेवी विजय तिवारी, साध्वी मीरा दीदी, लायंस क्लब महाकाल के अध्यक्ष राजेंद्र गिल थे। अतिथिगणों ने दीप प्रज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया गया। हिरदेश्वर महादेव मंदिर जिर्णोद्धार कार्य हेतु महेश लड्डा द्वारा 11000 रुपए नगद राशि भेंट की गई। मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, सचिव विजय तिवारी, सहसचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्याय पंडित संतोष शर्मा, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, महेश राठौर, महेंद्र कटियार, महेंद्र रामी, अनिल लश्करी, दीपक राव, अनुज शर्मा, नरेंद्र डोडिया, गणपत सिंह राणा, मुकेश भाटी, महिला मंच सत्संग समिति उज्जैन संयोजक गीताबेन रामी, गुरदीप सैनी, मुकेश नीमा सहित लायंस क्लब उज्जैन महाकाल के पदाधिकारियों ने सेवाएं दी। सभी का आभार मंच संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना। अजीत मंगलम ने बताया कि हर माह के आखरी रविवार पर श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास पर कैंप आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य शिविर में नेत्र शिविर, शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच, मोतियाबिंद के ऑपरेशन, आंखों की जांच निःशुल्क की जाती है। नगरवासी से निवेदन किया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर अपनी जांच अवश्य करावे।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में सजेगा युवा वैश्विक मित्रता का मंच

उज्जैन। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में 30 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय युवा छात्र विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो सांस्कृतिक संवाद, वैश्विक समझ और शैक्षिक सहयोग को नई दिशा देगा।

इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम में इटली, ब्राजील और लिथुआनिया से विद्यार्थी भाग लेंगे, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर सिक्किम, वाराणसी, प्रयागराज, राजस्थान सहित विभिन्न क्षेत्रों से छात्र-छात्राएँ शामिल होंगे। कार्यक्रम समन्वयक राहुल पंड्या ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न देशों और राज्यों की संस्कृति, भाषा, परंपराएँ और जीवन शैली से परिचित कराना है, ताकि वे वैश्विक नागरिकता के मूल्यों को आत्मसात कर सकें। इस अवसर पर संयुक्त गतिविधियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाएंगे। यह कार्यक्रम शालिनी भार्गव के यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सी. सी. ओ. राखी मेहता द्वारा दी गई।

### साधिका अर्चना सरमंडल वराह मिहिर सम्मान से सम्मानित

**उज्जैन।** आचार्य वराहमिहिर न्यास डोंगला प्रकल्प, पूर्णश्री फाउण्डेशन, उज्जैन सम्राट् विक्रमादित्य विद्वत् परिषद, उज्जैन एवं साउथ एशियन एस्ट्रो फेडरेशन, नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष - तंत्र एवं वास्तु महाधिवेशन में बगलामुखी साधिका ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमण्डल को वराहमिहिर सम्मान - 2025 से सम्मानित किया गया। अर्चना सरमंडल को यह सम्मान उनके भारतीय ज्ञान परम्परा, प्राच्यविद्या एवं ज्योतिष के प्रति समर्पण के साथ ही ज्योतिष-तंत्र-वास्तु जैसी विद्याओं के माध्यम से मानव कल्याण के साथ समाज का मार्गदर्शन करते हुए किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रदान किया। 21 एवं 22 दिसंबर को उज्जैन में आयोजित षष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय तन्त्र एवं ज्योतिष महाधिवेशन में ज्योतिष और तंत्र की विविध विधाओं और साधना विधियों, जन्म कुंडली, हस्तरेखा, रेकी, टेरो, रमल जैसे विभिन्न विषयों पर केंद्रित विचार प्रस्तुत किये गये।

# पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे बनोगे लाजवाब- शैलेन्द्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके

### उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर की टीम रही अस्मिता-महिला बॉस्केटबॉल सिटी लीग में विजेता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार की खेलों की महत्वपूर्ण योजना, मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा अस्मिता-महिला बॉस्केटबॉल सिटी लीग 2025-26 के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि शैलेन्द्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके सचिव, मध्य प्रदेश बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन ने व्यक्त करते हुए कहा कि उज्जैन शहर में बास्केट बॉल खेल का जो माहौल देखने को मिल रहा है। वह अत्यंत ही गौरव करने वाला है, इतनी बड़ी संख्या में नियमित बॉस्केटबॉल एरिना खिलाड़ियों से भरा रहता है, और इस अस्मिता -महिला बॉस्केटबॉल सिटी लीग में 15 विद्यालयों की महिला खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है। यह इस खेल की लोकप्रियता को बताता है। सभी छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेलो में भी नियमित भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आर.एल.वर्मा अंतरराष्ट्रीय निर्णायक जिम्नास्टिक, डॉ. आशीष मेहता, विक्रम अवार्डी, मध्य प्रदेश शासन राजेश शर्मा, टेबल टेनिस के राष्ट्रीय खिलाड़ी, भारती शर्मा, राष्ट्रीय खिलाड़ी कबड्डी, सुनीता यादव कोच, बास्केटबॉल खेल एवं युवक कल्याण विभाग ममता गौड़, जावेद अख़्तर हुसैन, बास्केटबाल के पूर्व खिलाड़ी ने उपस्थित हो कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। सभी अतिथियों का स्वागत मनीषा पंवार, प्रगति जैन, समीक्षा भदोरिया आदि ने किया। आयोजन समिति की अध्यक्ष ज्योति शर्मा और सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर की रही तथा उप विजेता सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की रहीं। जिन्हें आकर्षक ट्रॉफी, मेडल से सम्मानित किया गया। नगद पुरस्कार विजेता टीम को 11000 रुपये और उपविजेता टीम को 5100 रुपये दिए गए। इस प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार वृतिका कुरैल को प्रदान किया गया। इस अवसर पर उज्जैन शहर का नाम गौरवान्वित करने वाले राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। अपराजिता चतुर्वेदी, तेजस्वी मंगरौले, अवनी गोथवाल, आदित्य पाँचाल को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में रैफरी /निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समीक्षा भदौरिया, पलक श्रीवास्तव, साक्षी गौड़, अंजलि आदि को सम्मानित किया गया। समारोह का आभार प्रदर्शन प्रगति जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

### दमदमा के दुर्गा माता मंदिर में श्रीराम कथा 28 दिसंबर से, कथा स्थल का हुआ भूमिपूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भागवत सत्संग समिति, दमदमा द्वारा 28 दिसंबर से 8 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन दुर्गा माता मंदिर, कम्युनिटी हॉल, दमदमा में किया जा रहा है। श्रीराम कथा हेतु कथा स्थल का भूमिपूजन किया गया।

संरक्षक वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र वशिष्ठ, दुर्गा माता मंदिर समिति अध्यक्ष कैलाश मालवीय, उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि कथा व्यास पं. दर्पण गोपाल कृष्ण शर्मा द्वारा 8 दिनों तक भक्तों को कथा का रसपान कराया जाएगा। 28 दिसम्बर रविवार सुबह 10 बजे कलश शोभा यात्रा से कथा प्रारंभ होगी। केदारेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर कलश यात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई कथा स्थल पहुंचेगी। कथा में 28 दिसंबर को कथा के प्रथम दिवस कथा महात्म्य, 29 दिसंबर सोमवार को शिव पार्वती विवाह, 30 दिसंबर को श्री राम जन्मोत्सव, 31 दिसंबर बुधवार को धनुष यज्ञ श्री राम विवाह, 1 जनवरी गुरुवार को वनगमन (वनवास), 2 जनवरी शुक्रवार को भरत मिलाप, 3 जनवरी शनिवार को माँ सीता हरण एवं हनुमान जी की भेंट, 4 जनवरी को रविवार रावण वध श्रीराम राज्य स्थापना की कथा सुनाएंगे। 4 जनवरी रविवार को पूर्णाहुति के पश्चात महाप्रसादी भण्डारा का आयोजन होगा। कथा में प्रमुख यजमान पं. सत्यनारायण शर्मा, श्यामा शर्मा (महाकाल वाणिज्य), कमल विश्वकर्मा, भगवती विश्वकर्मा रहेंगे। कथा स्थल भूमिपूजन अवसर पर जियालाल मौर्य, कमल विश्वकर्मा, कलावती जादौन, प्रदीपक जादौन, जितेंद्र जायसवाल, मोहन गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# चक्रतीर्थ की दीवारों पर रंग-रोगन कर पेंटिंग की जा रही





### शेड निर्माण सहित रेलिंग लगाने का कार्य भी किया जा रहा

**उज्जैन।** चक्रतीर्थ पर फैली अव्यवस्था में सुधार किया जा रहा है चक्रतीर्थ की दीवारों पर रंग रोगन कर इन पर आकर्षक पेंटिंग की जा रही है साथ ही शेड निर्माण सहित रेलिंग लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। चक्रतीर्थ पर महापौर मुकेश टटवाल के निर्देश अनुसार नगर निगम जोन क्रमांक 01 टीम द्वारा विभिन्न कार्य करवाये गए हैं जिसमें पेंटिंग्स, टीन शेड के पतरे चेंज किये गए, रेलिंग, ओटलों पर मार्किंग एवं कलर, शोक सभा हॉल में पेंटिंग, शेड निर्माण, यूरिनल निर्माण,वाल पेंटिंग इत्यादि कार्य किए जा रहे हैं। जिसके चलते चक्रवर्ती की स्थिति सुधर गई है। यहां पर चित्रकारों द्वारा कई धार्मिक चित्रों को दीवारों पर उकेरा गया है।

### मनित्व ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**मन्दसौर।** नियुद्ध गुरुकुल मंदसौर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मनित्व सिंह रावत ने दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग यूथ चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी, भोपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए शॉटगन इवेंट में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक नियुद्धाचार्य डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव, नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, नियुद्ध गुरुकुल के प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी, अजय सिंह चौहान, सन्नी घोडेला, आदित्य सुरा आदि ने बधाई दी है।

# नागर ब्राह्मण समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 24-25 दिसम्बर को

### 24 को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 25 को प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागर ब्राह्मण समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 24-25 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में 24 को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 25 को प्रतिभाओं का सम्मान किया जावेगा।

म.प्र. राज्य स्तरीय प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति, उज्जैन के सचिव अशोक व्यास ने बताया कि 48वें वर्ष में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 24 एवं 25 दिसंबर को कालिदास अकादमी सूर्यनारायण व्यास संकुल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें नर्सरी से लेकर स्नातकोत्तर एवं अन्य विधाओं में चयनीत प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रथम दिन 24 दिसंबर को सांय 5 बजे से दिनेश त्रिवेदी के संयोजन में सुगम संगीत कार्यक्रम विजय शर्मा एवं अशोक व्यास द्वारा संचालित किया जाएगा। जिसमें समाज की गायन प्रतिभाओं द्वारा संगीत कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात सांय 7:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ, श्लोक पाठ, फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रायोजक माकडोन (डेलची) निवासी भागवंती रावल, राकेश रावल एवं शैलेन्द्र रावल द्वारा स्वर्गीय श्री रमेशचंद्र जी रावल की स्मृति में आयोजित किया जावेगा। 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्रारंभ होगा, जिसमें लगभग 180 प्रतिभाओं को पुरुस्कृत किया जाएगा। साथ ही समिति के संस्थापक स्व. श्री विष्णुप्रसाद नागर द्वारा स्थापित ह्रआशा -विष्णु स्वर्ण पदकह्न (पाँच बार लगातार पुरुस्कृत) प्रतिभागी गौरव-लक्ष्मीकांत-सुषमा शर्मा एवं अन्वी-कृष्णकांत-रश्मि व्यास को प्रदान किया जावेगा। उक्त के साथ ही श्रेष्ठ पत्रकारिता पुरस्कार जी न्यूज के हार्दिक दवे एवं दैनिक अवन्तिका के संदीप मेहता को तथा श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार रतलाम की श्वेता नागर, क्षेमवती नागर एवं नरेन्द्र जोशी तथा नारी शक्ति पुरस्कार इंदौर की बिंदु प्रदीप मेहता को प्रदान किया जावेगा। 25 दिसम्बर को इंदौर के कलाकारों द्वारा विशेष नृत्य की प्रस्तुति भी होगी। मध्य प्रदेश प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष रमेश मेहता ह्रप्रतीकह्न, कोषाध्यक्ष किरणकांत मेहता एवं

# भारतीय ज्ञान परम्परा और दर्शनशास्त्र पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

### डॉक्टर चिंतामणि राठौर की पुस्तक वैदेही का विमोचन हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की दर्शनशास्त्र एवं योग अध्ययन शाला में भारतीय ज्ञान परंपरा और दर्शनशास्त्र पर केंद्रित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रमुख अतिथि गुजरात यूनिवर्सिटी अहमदाबाद के दर्शन विभाग अध्यक्ष प्रो.डॉ.दिलीप चारण थे ,अध्यक्षता कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. आभा होलकर इंदौर एवं विभाग अध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने विचार व्यक्त किया। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा डॉक्टर चिंतामणि राठौर की पुस्तक वैदेही-एक भारतीय नारी का विमोचन किया। गया इस अवसर पर डॉक्टर चिंतामणि राठौर ने सामाजिक समरसता के मूल नायक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम पर एवं ज्ञान परंपरा पर अपने विचार प्रकट किया।

वैदेही ग्रंथ की विशेषता यह है कि 11 भारतीय नारी (वीरांगनाएं) आदिकाल की ,11 भारतीय नारी मध्यकाल की और 11 भारतीय नारी वर्तमान की , के संपूर्ण जीवन को इस ग्रंथ में सजाया गया है।

पश्चिम के दर्शन में दिव्या पुरुष की संकल्पना तथा विज्ञान का तार्किकवाद निहित है इसलिए वहां मानवी संबंध संस्कृति और व्यवहार का के साथ सौंदर्य सृष्टि और विवेचना की क्षमता नहीं है। वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा इन कमियों को दूर करती हुई व समग्रता से जीवन व जीवन बोध का अनुभव करती है भारतीय ज्ञान परंपरा एवं दर्शन विचार और व्यवहार का संबंध प्रस्तुत करते हैं। दर्शनशास्त्र सभागार में संपूर्ण विश्वविद्यालय के शोधार्थी भी उपस्थित थे।

प्रारम्भ में अतिथि स्वागत और विषय प्रवर्तन विभागाध्यक्ष प्रो एस के मिश्रा ने किया।

## खबर एक नजर...

### उन्नत भारत अभियान के तहत ग्राम खोखरा एवं नैनोरा का भ्रमण

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम खोखरा एवं नैनेरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्नत भारत अभियान की नोडल अधिकारी प्रोफेसर निशा जटिया ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा कुल पांच ग्रामों को गोद लिया गया है। इन ग्रामों में स्वच्छता जागरूकता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी। साथ ही ग्राम की प्रमुख समस्याओं की पहचान कर ग्राम प्रोफाइल तैयार की जाएगी। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की टीम द्वारा ग्राम खोखरा एवं नैनोरा का भ्रमण किया गया, जहां जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान ग्राम की आंगनवाड़ी, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय तथा पंचायत कार्यालय पहुंचकर ग्रामीणों से संपर्क किया गया। ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना गया तथा आगामी चरण में इन समस्याओं के समाधान हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर ममता चौहान, डॉ. चंद्रकला चौहान, प्रोफेसर प्रेरणा शर्मा, प्रोफेसर आर एस कटारा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एल्डरमेन बनने की बाट जो रहे कई नेता

**जावरा।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बने 2 वर्ष बीत गए और नगर निकाय चुनाव हुए 3 वर्ष होने आ गए। लेकिन अभी तक नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतो में एल्डर मेन की नियुक्ति नहीं हुई ,स्थानीय स्तर पर जोड़े रखना एवं जन समस्याओं से रूबरू होने के इंतजार में भाजपा कार्यकर्ता टकटकी लगाए बैठा है। प्रदेश सरकार एवं पार्टी द्वारा एल्डरमेनों की नियुक्ति अभी तक नहीं हुई। समय-समय पर यह संकेत अवश्य दिए जाते रहे की एल्डरमैन नियुक्त होने जा रहे परंतु लगता है भाजपा में तालमेल के अभाव में एल्डरमेनों की नियुक्ति नहीं हो पा रही। इसी प्रकार प्रदेश स्तर पर निगम मंडल अध्यक्ष भी अभी तक नहीं घोषित हो सके। पूर्व में अंत्योदय समिति जिला एवं तहसील स्तर पर बनाई गई थी लेकिन वह भी अभी तक नहीं बन पाई। हालांकि भाजपा ने जिला विकास समिति के नाम से जिला स्तर पर समितियां का गठन जरूर किया है। वैसे नगर पालिका परिषद में सांसद एवं विधायक ने अपने प्रतिनिधि जरूर बनाएं ,नगर के कई भाजपा कार्यकर्ता एल्डरमैन बनने का सपना संजोए बैठे हैं। परिषद का 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका। देखना है शासन कब एल्डरमेनों के नाम तय करती है।

### बाबा रामदेव ने किया उमेश शर्मा का सम्मान, जावरा आने का दिया निमंत्रण

**जावरा।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में योग ऋषि स्वामी रामदेव बाबा के सानिध्य में 19 से 22 दिसंबर तक 4 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें नगर के योग प्रशिक्षक उमेश शर्मा भी शामिल हुए। योग और सोशल मीडिया पर किए जा रहे कार्यों के लिए इन्हें सम्मानित किया। पतंजलि युवा भारत संगठन के राज्य प्रभारी प्रेम चौधरी रतलाम ने बताया हरिद्वार में आयोजित विशेष योग प्रशिक्षण शिविर में रतलाम जिला पदाधिकारियों के साथ शर्मा ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। चार दिनों तक एडवांस योग ट्रेनिंग, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, यज्ञ विधान और भारतीय शिक्षा बोर्ड की गतिविधियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। शर्मा ने बताया उन्होंने स्वामी रामदेव महाराज को जावरा आगमन के लिए निमंत्रण दिया। आगामी समय में भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बड़े कार्य होना हैं। कोई भी स्कूल इस बोर्ड से मान्यता प्राप्त कर स्कूल संचालित कर सकता हैं। शर्मा के साथ रतलाम जिला टीम के डॉ उत्तम शर्मा, राकेश सोनी, कमलेश पाटीदार, डॉ हर्षित राठौड़, महेंद्र सोनी भी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

# जिले के सैलाना में खाद, बिजली और किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन

### ट्रैक्टर पर फांसी लगाते किसानों के पुतले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले के सैलाना में खाद, बिजली और किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने हल्ला बोल दिया है। सरकार को जगाने के लिए बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं। रैली के रूप में निकले प्रदर्शनकारी एसडीएम ऑफिस का घेराव करेंगे और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक और रतलाम जिला कांग्रेस (ग्रामीण) अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत कर रहे हैं।

**पुलिस से भिड़े नपा अध्यक्ष, बोले- प्रशासन नहीं, किसानों का साथ दो**

प्रदर्शन में अनोखा विरोध देखने को मिला। ट्रैक्टरों पर किसानों के पुतले फांसी के फंदे पर लटकते हुए दिखाए गए हैं, जो किसानों की बदहाली बयां कर रहे हैं।

पुलिस ने जब इन पुतलों को उतारने की कोशिश की, तो माहौल गरमा गया। सैलाना नगर परिषद अध्यक्ष लक्की शुक्ला ने पुलिस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा- किसानों की समस्या दिख नहीं रही है। आप प्रशासन का नहीं, किसानों का साथ दो। इसके बाद वहां



जय जवान-जय किसान के नारे गूंजने लगे।

**10 बीघा जमीन पर मिल रहीं सिर्फ 2 बोरी खाद**

किसानों का कहना है कि जिले में यूरिया का संकट है। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रहा। हालात यह हैं कि 10 बीघा जमीन वाले किसान को सिर्फ दो बोरी खाद दी जा रही है। इससे खेती प्रभावित हो रही है। इसी के विरोध में यह बड़ा आंदोलन किया जा रहा है।

**इस्तीफे की पेशकश के बाद गेहलोत का शक्ति प्रदर्शन**

हाल ही में हर्ष विजय गेहलोत ने जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इसकी वजह पारिवारिक और विधानसभा क्षेत्र पर ध्यान देना बताया था, लेकिन असल नाराजगी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर थी। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया। इसके बाद गेहलोत का यह पहला बड़ा प्रदर्शन है, जिसे उनका शक्ति प्रदर्शन भी माना जा रहा है।

### पिपलिया मंडी क्षेत्र की होनहार बेटी का सम्मान

**पिपलिया मंडी।** कबीर इंटरनेशनल स्कूल, लुनाहेड़ा फंटा ,गुड़भेली मे पिपलिया मंडी क्षेत्र की बेटी कुमारी प्रकृति घाटिया को राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में 9 वी रैंक हासिल कर सिविल जज पद हेतु चयनित होने के उपलक्ष मे सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### एडीएम ने ग्राम दारू में विशेष राजस्व शिविर का किया निरीक्षण

**नीमच।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में 22 दिसंबर से प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के पहले दिन जिले के पंचायत क्लस्टर मुख्यालयों पर विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, इन शिविरों में ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। मनासा तहसील की ग्राम पंचायत पिपल्यारावजी में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आयोजित विशेष राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया।

## रतलाम ने राज्य से राष्ट्रीय स्तर में दर्ज कराई उल्लेखनीय उपलब्धि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में आयोजित विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता में श्री अरिहंत महाविद्यालय प्रोफेशनल एजुकेशन, रतलाम के छात्र नितिन राठौड़ ने उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नितिन के बेहतरीन खेल और रणनीतिक योगदान से टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता, भोपाल के लिए किया गया है, जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

इसी क्रम में, अरिहंत महाविद्यालय के ही छात्र अंशुल मावी ने संभाग स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 350 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तर के लिए चयनित हुए।

महाविद्यालय के खेल अधिकारी श्री अजय प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नितिन राठौड़ और अंशुल मावी की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति ने कहा कि छात्रों की इस उपलब्धि ने महाविद्यालय का नाम खेल जगत में और भी ऊँचा किया है। उप-प्राचार्य डॉ. नितिन राव चव्हाण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी ने दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि ऐसे खिलाड़ी अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### दुर्घटना में युवक की मौत, साथी घायल

**मन्दसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के शामगढ़ रोड़ पर रविवार की शाम करीब 7 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार गौरव की मृत्यु हो गई जबकि उसका साथी विवेक निवासी खानपुरा मंदसौर घायल हो गया। सोमवार को मृतक गौरव के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## मास्टर प्लान 2041 के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों की आपत्तियों पर चली सुनवाई



### आज और कल भी जारी रहेगी सुनवाई प्रक्रिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मास्टर प्लान 2041 के संबंध में प्राप्त आपत्तियों पर कलेक्टर कार्यालय सभागार में सुनवाई का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहले दिन ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित सभी आपत्तियों की गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ एक-एक कर सुनवाई की गई। सुनवाई में सांसद सुधीर गुप्ता, कलेक्टर अदिती गर्ग, टाउन एंड कंट्री प्लान के संयुक्त संचालक, उप संचालक सहित मास्टर प्लान समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रत्येक आपत्तिकर्ता को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया और सभी आपत्तियों को गंभीरता से सुना गया। सुनवाई प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु प्रत्येक आवेदक की सुनवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। इस दौरान गुराडिया देदा, नालछा, मुल्तानपुर, किटीयानी, भूनियाखेड़ी, बोलखेड़ा, अरण्या भट्टी, खिलजीपुरा, चांगली, जग्गा खेड़ी, टिगरिया, दाऊद खेड़ी, दौलतपुरा, बहादरी, बावड़ीकला, बोहरा खेड़ी, लाल घाटी, हैदरवास, छाजू खेड़ा, जग्गाखेड़ी, टोडी सहित अन्य ग्रामों से प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई की गई। मास्टर प्लान को अधिक व्यावहारिक, जनहितैषी एवं विकासो न्मुख बनाने के उद्देश्य से सभी आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जा रहा है। मास्टर प्लान 2041 पर आपत्तियों की सुनवाई 23 एवं 24 दिसंबर को भी जारी रहेगी।

### जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला नीमच की कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार को जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डी.ए.टी.सी.सी. के प्रभारी प्रलय कुमार उपाध्याय ने जिले के पर्यटन संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिले में स्थित राज्य संरक्षित स्मारकों के सर्वांगिण विकास एवं अनुरक्षण कार्य सम्पादन हेतु डी.पी.आर. तैयार कराने एवं अन्य पर्यटन स्थल को विकसित करने पर भी चर्चा की गई।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार वण्डर होम फायनेंस लिमिटेड शाखा उज्जैन की ओर से सूचित किया जाता है, कि भुखण्ड क्रमांक 29, जो कि सर्वे क्रमांक 1497/1 का भाग, होकर राजीव नगर आगर रोड, उज्जैन (म.प्र) कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफिट होकर जिसके पूर्व में अन्य का मकान, पश्चिम में रोड उत्तर में - सुरज प्रताप जी का मकान, दक्षिण में जगदीश का मकान मिलता है, कि प्रतिभूति पर प्रस्तावित ऋणी / क्रेता श्रीमती पवित्रा पांचाल पति श्री महेश पांचाल द्वारा वर्तमान स्वामीगणो (1) चन्द्रकांता (2) प्रवीण (3) गायत्री (4) राजेन्द्र सर्व पिता श्री मोहनलाल से क्रय किये जाने हेतु वित्तीय सुविधा प्रदान किये जाने विषयक आवेदन प्रस्तुत किया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति बंधक किया जाना प्रस्तावित है। मूलतः प्रश्नगत सम्पत्ति श्री मोहनलाल पिता श्री सुखराम के स्वत्वाधिपत्य की सम्पत्ति थी। श्री मोहनलाल का स्वर्गवास दिनांक 29.10.2024 को हो जाने उपरांत (1) चन्द्रकांता (2) प्रवीण (3) गायत्री (4) राजेन्द्र स्वर्गीय श्री मोहनलाल के विधिक वारिसान होने नाते सम्पत्ति के संयुक्त स्वामी हुए। (1) चन्द्रकांता (2) प्रवीण (3) गायत्री (4) राजेन्द्र का नाम नगर पालिक निगम उज्जैन के सम्पत्ति अभिलेखों में स्वामी अंकित चला आ रहा है। प्रस्तावित ऋणी / क्रेता द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने का विधिवत अनुबंध वर्तमान स्वामीगणो से किया गया है। अतः मेरे पक्षकार की ओर से सूचित किया जाता है, कि उक्तानुसार वर्तमान स्वामीगणों के स्वामी होने अथवा संपत्ति के स्वामित्व, कब्जे के संबंध में अथवा विक्रय किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालयीन कार्रवाई दावा आदि चल रहा हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात दिवस) की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जाएगी तथा ऋण स्वीकृत किए जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण दायित्व मेरे पक्षकार का या बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो इति दिनांक 22.12.2025

जम्बूकुमार जैन,
एडवोकेट एवं नोटरी (भारत सरकार)
23, शंकू मार्ग, माधवनगर, उज्जैन
मोबाईल नं. 9669666697



## बी प्राक के घर आया नन्हा मेहमान

### एक बार फिर पिता बने सिंगर जानिए क्या रखा बेटे का नाम

म्यूजिक कंपोजर और सिंगर बी प्राक ने शुक्रवार को अपने फैंस के साथ एक खुशखबरी शेयर की। उन्होंने बताया कि उनके घर दूसरे बेटे का जन्म हुआ है। बी प्राक ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा सा मैसेज शेयर कर यह खुशखबरी दी। पोस्ट में बताया गया कि उनके बेटे का जन्म 1 दिसंबर 2025 को हुआ है। उन्होंने लिखा कि इस खुशी के पल में पूरा परिवार बहुत खुश है।

बी प्राक और उनकी पत्नी मीरा ने अपने मैसेज में यह भी कहा कि उनके बेटे का जन्म भगवान की कृपा से हुआ है और इससे उनकी जिंदगी में एक नई शुरूआत हुई है। साथ ही उन्होंने अपने बेटे का नाम भी बताया। कपल ने बेटे का नाम द्विज बच्चन रखा। उन्होंने बताया कि इस नाम का मतलब है दोबारा जन्म, यानी जिंदगी में एक नया और अच्छा दौर। जैसे ही कपल ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म की जानकारी दी, इसके बाद कई लोगों ने उन्हें बधाइयां दीं। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने बी प्राक और उनकी पत्नी को बधाई देते हुए लिखा, वाह ! आप दोनों को बहुत-बहुत बधाई यह सच में कान्हा का आशीर्वाद है।

# इंदौर की भूमिका सोनगरा बनी फॉरएवर स्टार मिसेज इंडिया 2025




देशभर की विवाहित महिलाओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक विविधता को राष्ट्रीय मंच देने वाली प्रतिष्ठित सौंदर्य एवं व्यक्तित्व प्रतियोगिता फॉरएवर स्टार मिसेज इंडिया 2025 का भव्य आयोजन 19 से 21 दिसंबर के बीच जी स्टूडियो एवं होटल रॉयल ऑर्किड, जयपुर में किया गया।

इस प्रतियोगिता की शुरूआत जनवरी माह में ऑडिशन के साथ हुई थी, जिसके बाद पूरे वर्ष विभिन्न चरणों और राउंड्स आयोजित किए गए। कड़े चयन और निरंतर प्रतिस्पर्धा के बाद प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय मंच तक अपनी जगह बनाई। इसी क्रम में सितंबर माह में भूमिका सोनगरा को मिसेज इंदौर 2025 के खिताब से नवाजा गया था, जिसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभागियों ने कलर्स ऑफ इंडिया थीम के अंतर्गत अपने-अपने राज्य की संस्कृति, आत्मबल और नारी सशक्तिकरण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन का समापन गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर से ताल्लुक रखने वाली भूमिका सोनगरा ने अपने आत्मविश्वास, प्रतिभा और प्रेरणादायी व्यक्तित्व से निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए फॉरएवर स्टार मिसेज इंडिया 2025 का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। यह उपलब्धि न केवल इंदौर बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

खिताब जीतने के बाद भूमिका सोनगरा ने कहा कि यह ताज उनके लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है– हर उस महिला के लिए जो सपने देखने का साहस रखती है और सीमाओं को तोड़कर आगे बढ़ना चाहती है। उनकी यह जीत नारी सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास का सशक्त संदेश देती है। भूमिका सोनगरा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में हर्ष और गर्व का माहौल है तथा उन्हें देशभर से शुभकामनाएं मिल रही हैं।





## सौरभ राज जैन ने शिल्पा शिंदे पर साधा निशाना

### बोलेझ्ञ बेसिक डीसेंसी की कमी, एक्ट्रेस ने शुभांगी अत्रे पर किया था कमेंट

टीवी शो 'भाभीजी घर पर हैं' टेलीविजन के सबसे फेमस कॉमेडी शो में गिना जाता है। यह शो पिछले दस साल से ज्यादा समय से लगातार ऑन एयर हो रहा है। शो में अंगूरी भाभी का रोल साल 2015 में पहली बार शिल्पा शिंदे ने निभाया था। हालांकि, वह एक साल के भीतर शो से अलग हो गईं। इसके बाद यह किरदार शुभांगी अत्रे को मिला, जिन्होंने लगभग दस साल तक अंगूरी भाभी का रोल निभाया।

अब शो में शिल्पा शिंदे एक बार फिर अंगूरी भाभी के किरदार में एंट्री करने वाली हैं। हाल ही में शिल्पा ने टेलीचक्कर को दिए इंटरव्यू में शुभांगी अत्रे को लेकर कमेंट किया। शिल्पा शिंदे ने कहा, एक एक्टर के तौर पर मैंने उस वक्त भी बात रखी थी, जब विवाद चल रहा था। साफ तौर पर कहूं तो उसने (शुभांगी) अच्छा काम किया है। वह अच्छी एक्ट्रेस हैं, लेकिन कॉमेडी हर किसी के बस की बात नहीं होती। किसी के बाद किसी और को उसी किरदार में आना बहुत मुश्किल होता है। उस पर काफी प्रेशर भी रहता है। उन्होंने आगे कहा, मैं कितनी भी अच्छी एक्टिंग कर लूं, अगर किसी एक्ट्रेस को कॉपी करना हो तो वह कॉपी हो जाती है। शिल्पा के इस बयान पर एक्टर सौरभ राज जैन ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बिना नाम लिए शिल्पा पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, जिस एक्टर को रिप्लेस किया गया, उसने करीब 10 साल तक दर्शकों का मनोरंजन किया और लोगों का प्यार पाया। जब पहला एक्टर 10 साल बाद उसी किरदार में लौटकर मीडिया से कहता है कि दूसरे में कॉमिक टाइमिंग नहीं थी, तो दिक्कत टाइमिंग की नहीं, बुनियादी शालीनता की है।

# बेटी को सेक्स टॉय देने की बात पर गौतमी ट्रोल

**बोलीं- मैं कई रात सो नहीं पाई, ट्रोलिंग के करण इंस्टाग्राम भी छोड़ना पड़ा**



एक्ट्रेस गौतमी कपूर ने कुछ समय पहले एक पॉडकास्ट में पेरेंटिंग के बार में बात की थी। उन्होंने कहा था कि वो अपनी बेटी सिया को उसके 16वें जन्मदिन पर सेक्स टॉय गिफ्ट करना चाहती थीं। उनकी ये बातें इंटरनेट पर लोगों को अच्छी नहीं लगी और उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। लोगों ने उनके पेरेंटिंग के तरीकों पर सवाल खड़े किए।

अब गौतमी ने इस पूरे विवाद पर अपना नजरिया शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि ट्रोलिंग की वजह से उनकी रातों की नींद हराम हो गई थी।

इंटरव्यू में गौतमी ने कहा- यह सब बिल्कुल अप्रत्याशित था। मैंने पॉडकास्ट किया था, साढ़े चार महीने पहले। लेकिन कुछ महीनों बाद, मैं एक बड़े विवाद में फंस गई, जिसके कारण मुझे खुद भी नहीं पता।

मैंने कोई आम टिप्पणी नहीं की है और न ही मैंने यह कहा है कि हर मां को ऐसा करना चाहिए। यह एक बात थी जो मैं उस दिन कह रही थी। मैंने अपनी बच्ची, अपनी बेटी के बारे में कुछ कहा था, और यह मेरा उसके साथ एक रिश्ता है, तो मुझे इसे सही ठहराने की क्या जरूरत है?

राम और मेरा अपने बच्चों के साथ बहुत खुला रिश्ता है, कुछ लोग इससे सहमत हो सकते हैं, कुछ इसे गलत मान सकते हैं। यह उनकी राय है और मैं उन्हें जज करने वाली इंसान नहीं हूं। उन्होंने खुलासा किया कि ट्रोलिंग की वजह से उन्हें रातों की नींद भी उड़ गई थी। गौतमी ने कहा- ह्यदरअसल, मैं एक तरह से डिप्रेशन में चली गई थी क्योंकि जब मैं अपना इंस्टाग्राम फीड देख रही थी, तो आप विश्वास नहीं करेंगे कि मुझे किस तरह की टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा था।

मुझे रातों को नींद नहीं आती थी। मैं सोच भी नहीं सकती थी कि लोग किसी दूसरी महिला को, किसी दूसरे इंसान को इस तरह की बातें लिख सकते हैं। मैं लगभग एक महीने के लिए इंस्टाग्राम से गायब हो गई थी।





### गौतमी का बयान जिस पर विवाद हुआ

लगभग चार महीने पहले गौतमी हाउटरफ्लाई के पॉडकास्ट में पहुंची थीं। यहां पर उन्होंने बताया कि कैसे वो अपनी बेटी से इंटीमेसी पर खुलकर बात करती हैं। गौतमी ने कहा था– जब मेरी बेटी 16 साल की होने वाली थी तो मैंने उसे सेक्स टॉय या वाइब्रेटर गिफ्ट करने का सोचा था। जब मैंने उससे ये बातें डिस्कस की तो उसने कहा मॉम आप का दिमाग सही है? मैंने उससे कहा कि सोचो कितनी ऐसी माएं होंगी जो अपनी बेटी से ऐसे गिफ्ट के बारे में बात करती होंगी। एक्सपेरिमेंट क्यों ना करें? मेरी मां ने जो मेरे साथ नहीं किया वो मैं अपनी बेटी के साथ करना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि वो सबकुछ एक्सपीरियंस करे। बहुत सी महिलाएं प्लेजर का अनुभव किए बिना ही जीवन गुजार देती हैं। ऐसी स्थिति में क्यों रहना? आज मेरी बेटी 19 साल की है और वह इस बात की सराहना करती है कि मैंने ऐसा सोचा और इसके लिए मेरा सम्मान करती है। गौतमी के पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वो एक्टर राम कपूर की वाइफ हैं। दोनों की दो बच्चे हैं। गौतमी टीवी और फिल्म दोनों के लिए काम कर चुकी हैं। इस साल वो अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म दे दे प्यार दे 2 में नजर आईं थी। इसके अलावा वो आर्यन खान की सीरीज द बैंड्स ऑफ बॉलीवुड में भी दिखी थीं।

### चौथे राउंड में तंजानिया का बॉक्सर ढेर, बॉक्सिंग इवेंट में लाइट मिडिलवेट मुकाबला

# निशांत देव की अफ्रीका में धमाकेदार जीत








**ब्रह्मास्त्र ▸▸ करनाल**

अफ्रीका में भारत के उभरते बॉक्सिंग सितारे ने एक बार फिर तिरंगा ऊंचा किया है। करनाल शहर के बेटे निशांत देव ने घाना में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तंजानिया के बॉक्सर को तकनीकी नॉकआउट से पराजित कर दिया। मुकाबले में निशांत ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और अपने अनुभव, ताकत व रणनीति का बेहतरीन तालमेल दिखाया।

इस जीत के साथ उन्होंने प्रोफेशनल बॉक्सिंग में अपनी अजेय लय को बरकरार रखा और वैश्विक मंच पर भारत की मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई।

यह मुकाबला घाना की राजधानी अक्रा के लेगॉन स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित मैच रूम बॉक्सिंग इवेंट का हिस्सा था। लाइट मिडिलवेट 71 किग्रा वर्ग में खेले गए मुकाबले में निशांत देव का सामना तंजानिया के एली म्कुंगवा से हुआ। शुरूआती तीन राउंड में निशांत ने बेहतरीन फुटवर्क, तेज पंच और मजबूत डिफेंस के दम पर पूरी तरह दबदबा बनाए रखा।

चौथे राउंड में निशांत के लगातार प्रभावी वारों को देखते हुए रेफरी ने मुकाबला रोकते हुए तकनीकी नॉकआउट घोषित कर दिया।

**पांचवीं लगातार प्रोफेशनल जीत, रिकॉर्ड हुआ 5-0-** इस जीत के साथ निशांत देव का प्रोफेशनल रिकॉर्ड 5-0 हो गया है, जिसमें से 3 मुकाबले नॉकआउट से जीते गए हैं। जनवरी 2025 में प्रो करियर की शुरूआत करने वाले निशांत अब तक अजेय हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जिस निरंतरता और आत्मविश्वास के साथ वह मुकाबले जीत रहे हैं, वह उन्हें भविष्य का बड़ा सुपरस्टार बना सकता है। यह मुकाबला उनके साल का आखिरी प्रोफेशनल फाइट भी रहा।

**सोशल मीडिया पर जताया आभार-** मैच के बाद निशांत देव ने सोशल मीडिया पर इस जीत को साल का आखिरी मुकाबला बताते हुए अपनी टीम और प्रशंसकों का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि हर जीत के पीछे कोच, सपोर्ट स्टाफ और परिवार का बड़ा योगदान होता है। उनके इस संदेश के बाद देशभर से उन्हें बधाइयों का तांता लग गया।

**भारत का टॉप-3 में प्रदर्शन, अमेरिका और चीन से आगे-** यह इवेंट इसलिए भी खास रहा, क्योंकि इसमें भारत ने उद्घाटन विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में टॉप-3 में जगह बनाई। भारत का प्रदर्शन अमेरिका और चीन जैसे मजबूत देशों से भी बेहतर रहा, जिसने भारतीय बॉक्सिंग की बढ़ती ताकत को दुनिया के सामने रखा।

**करनाल से कैलिफोर्निया तक का सफर-** करनाल (हरियाणा) में 23 दिसंबर 2000 को जन्मे निशांत देव साउथ पॉ बॉक्सर हैं। उनकी लंबाई 6 फीट 1 इंच है, जो रिंग में उन्हें अतिरिक्त बढ़त देती है। उन्होंने 2012 में बॉक्सिंग की शुरूआत की थी। करनाल के कर्ण स्टेडियम में कोच सुरेंद्र चौहान से शुरूआती प्रशिक्षण लिया। उनके चाचा, जो स्वयं प्रो बॉक्सर रहे हैं, उनसे प्रेरित होकर निशांत ने यह रास्ता चुना।

**पिता बोले- बचपन से ही दिखता था जुनून-** निशांत के पिता देव पवन कुमार बताते हैं कि बेटे की खेल के प्रति लगन बचपन से साफ नजर आती थी। वह पांचवीं कक्षा से ही कर्ण स्टेडियम में प्रैक्टिस करता था और सुबह सबसे पहले उठकर सबको जगाता था। पिता ने बताया कि निशांत ने 6 से 7 साल तक बैंगलोर में कड़ी ट्रेनिंग की और पिछले अक्टूबर से अमेरिका में अभ्यास कर रहा है।

## वर्ल्डकप टीम से बाहर किए गए गिल विजय हजारे खेलेंगे



### पंजाब की टीम में अभिषेक और अर्शदीप के भी नाम, 24 दिसंबर से टूर्नामेंट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारत के वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे। सोमवार को पंजाब ने टूनामेंट के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जिसमें गिल के साथ अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

पंजाब अपने अभियान की शुरूआत 24 दिसंबर को महाराष्ट्र के खिलाफ करेगा। हालांकि, गिल, अभिषेक और अर्शदीप कितने मैच खेल पाएंगे, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है, क्योंकि भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। गिल का चयन इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें हाल ही में भारत की आगामी टी-20 वर्ल्ड कप टीम और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया था। ऐसे में विजय हजारे ट्रॉफी गिल के लिए खुद को दोबारा साबित करने, फॉर्म में लौटने और व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अपनी क्लास दिखाने का बड़ा मौका होगी। पंजाब के सभी मैच जयपुर होंगे पंजाब अपने सभी सात लीग मुकाबले जयपुर में खेलेगी। पिछले सीजन में क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बावजूद इस बार टीम को खिताब का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा के अलावा प्रभसिमरन सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, नमन धीर, रमनदीप सिंह, सनवीर सिंह और हरप्रीत ब्रार टीम को गहराई और मजबूती प्रदान करते हैं।

# बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटर्स की घरेलू मैच फीस बढ़ाई

### एक फर्स्ट-क्लास और वनडे के लिए 50 हजार मिलेंगे, जूनियर प्लेयर्स की फीस भी डबल



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिमला**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महिला क्रिकेटर्स की घरेलू मैच फीस बढ़ाने का फैसला कर लिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, वुमन प्लेयर्स को अब एक फर्स्ट क्लास और वनडे मैच के लिए 50 हजार रुपए मिलेंगे। वहीं एक टी-20 खेलने पर 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। बीसीसीआई इंटरनेशनल मैचों के लिए विमेंस प्लेयर्स की फीस पहले ही मेंस के बराबर कर चुका है।

पुरुष क्रिकेटर्स के बराबर फीस मिलेगी बीसीसीआई ने 22 दिसंबर को ऑनलाइन मीटिंग की, इसमें महिला प्लेयर्स की फीस बढ़ाने पर फैसला लिया गया। अब घरेलू क्रिकेट में महिला और पुरुष प्लेयर्स को एक बराबर मैच फीस दी जाएगी।

वनडे और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में प्लेइंग-11 का हिस्सा रहने वालीं प्लेयर्स को 50 हजार रुपए मिलेंगे, वहीं बेंच पर बैठने वाली प्लेयर्स को 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। टी-20 में प्लेइंग-11 में शामिल प्लेयर्स को 25 हजार रुपए दिए जाएंगे, वहीं बेंच पर बैठने वालीं प्लेयर्स को 12,500 रुपए मिलेंगे। इससे पहले टी-20, वनडे और फर्स्ट क्लास में एक मैच की प्लेइंग-11 का हिस्सा बनने पर वुमन प्लेयर्स को 20 हजार रुपए ही मिलते थे। वहीं बेंच पर बैठने वालीं खिलाड़ियों को 10 हजार रुपए दिए जाते थे। जूनियर क्रिकेटर्स की फीस भी बढ़ाई स्टेट और जोनल टीम से खेलने वालीं जूनियर प्लेयर्स की मैच फीस भी बढ़ा दी गई है। अब वनडे और फर्स्ट क्लास मैच में प्लेइंग-11 का हिस्सा रहने पर 25 हजार और बेंच पर बैठने वालीं प्लेयर्स को 12,500 रुपए मिलेंगे।

## न्यूजीलैंड ने तीसरा टेस्ट 323 रन से जीता



### वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज 2-0 से जीती, पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंचा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओवल**

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टेस्ट मैच में 323 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ कीवी टीम ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज भी 2-0 से अपने नाम कर ली और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। डेवोन कॉन्वे और टॉम लैथम ने दोनों पारियों में शतक जमाए। वहीं, गेंदबाज जैकब डफी ने मैच में कुल 9 विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। सोमवार को मैच के पांचवें दिन वेस्टइंडीज ने 43/0 से खेलना शुरू किया, लेकिन 419 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी टीम 138 रन पर सिमट गई। डफी ने दूसरी पारी में 5 विकेट झटके। न्यूजीलैंड को पहली पारी में 155 रन की बढ़त मिली इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 575 रन बनाए थे, जबकि वेस्टइंडीज की टीम 420 रन पर ऑलआउट हो गई थी। पहली पारी के आधार पर कीवी टीम को 155 रन की बढ़त मिली।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर।
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### सीमेंट सेक्टर में अदाणी ग्रुप का बड़ा दांव

## अंबुजा में होगा एसीसी और ओरिएंट का विलय बोर्ड की मिली मंजूरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंबुजा सीमेंट्स ने एसीसी और ओरिएंट सीमेंट के साथ विलय को मंजूरी दी है। कंपनी का कहना है कि इससे लागत घटेगी, मार्जिन सुधरेगा और क्षमता विस्तार को बल मिलेगा। विलय के बाद संचालन सरल होगा और शेयरधारकों को बेहतर रिटर्न मिलने की उम्मीद है।

सीमेंट सेक्टर में बड़े एकीकरण की दिशा में अहम कदम उठाते हुए अंबुजा सीमेंट ने अपने दो प्रमुख सहयोगी उपक्रमों एसीसी और ओरिएंट के साथ विलय को मंजूरी दे दी है। कंपनी का कहना है कि इस फैसले से देशभर में मजबूत मौजूदगी वाली एक पैन इंडिया सीमेंट पावरहाउस तैयार होगी, जिससे दीर्घकाल में मुनाफा और शेयरधारकों को बेहतर रिटर्न मिलेगा। अदाणी ग्रुप की इस प्रमुख कंपनी ने बयान में कहा कि विलय से संचालन में बेहतर तालमेल बनेगा, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स को ऑप्टिमाइज किया जा सकेगा और पूंजी का ज्यादा प्रभावी इस्तेमाल संभव होगा। अंबुजा सीमेंट्स के मुताबिक, इन सुधारों से कंपनी की लाभप्रदता बढ़ेगी, क्षमता विस्तार को समर्थन मिलेगा और लंबे समय में शेयरधारकों के रिटर्न मजबूत होंगे। कंपनी ने बताया कि इस विलय से नेटवर्क, ब्रांडिंग और सेल्स प्रमोशन से जुड़े खर्चों को सरल और तर्कसंगत बनाया जाएगा। इससे लागत में कटौती होगी और प्रति मीट्रिक टन कम से कम 100 रुपये तक मार्जिन सुधार होने की उम्मीद है। अंबुजा का मानना है कि एकीकृत ढांचे से प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और बाजार में पकड़ दोनों मजबूत होंगी। विलय के बाद संरचनात्मक दोहराव खत्म होगा, प्रशासनिक खर्च घटेगा और फैसले तेजी से लिए जा सकेंगे। कंपनी ने कहा कि इसके बाद एसीसी, ओरिएंट, पेन्ना और सांघी के साथ किसी अलग मास्टर सर्विस एग्रीमेंट (एमएसए) की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि ये सभी अंबुजा सीमेंट्स का अभिन्न हिस्सा बन जाएंगे।

### क्या अमेरिका से ट्रेड डील में देरी से बढ़ी मुसीबत?

# डॉलर के मुकाबले 91 से नीचे रुपया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

डॉलर के मुकाबले 91.01 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद। भारत-अमेरिका ट्रेड डील में देरी और विदेशी फंडों की लगातार निकासी ने मुद्रा बाजार में चिंता बढ़ा दी है। पढ़ें पूरी रिपोर्ट।

विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता के चलते भारतीय रुपये ने मंगलवार को अब तक का सबसे निचला स्तर छू लिया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे की भारी गिरावट के साथ 91.01 (अनंतिम) के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान स्थानीय मुद्रा एक समय 36 पैसे टूटकर 91.14 के स्तर तक लुढ़क गई थी, हालांकि बाद में इसमें मामूली सुधार देखा गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और डॉलर इंडेक्स में कमजोरी भी रुपये को सहारा देने में नाकाम रही, क्योंकि बाजार में डॉलर की मांग और विदेशी फंडों की निकासी का दबाव अधिक था।

विशेषज्ञों के अनुसार रुपये में होती गिरावट के कारण विदेशी निवेशकों (एफआईआई) का आकर्षण घटा है। इसकी वजह से वे भारतीय बाजार में बिकवाली कर रहे हैं। यह बिकवाली इतनी लंबी है कि घरेलू संस्थागत निवेशक जो फिलहल बाजार को संभाल रहे हैं, लेकिन लंबे समय तक इसे बरकरार नहीं रख पाएंगे। रुपये की कमजोरी सोना, चांदी, म्यूचुअल फंड्स और शेयर बाजार को प्रभावित कर रही है।

**विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से रुपये पर दबाव-** मिराए एसेट वरिष्ठ फंड मैनेजर बसंत बाफना ने बताया कि रुपये में जो गिरावट आ रही है, वो टैरिफ से जुड़ी चिंताओं और विदेशी निवेशकों की बिकवाली की वजह से है। जब तक यह अल्पकालिक असंतुलन बने रहेंगे रुपये पर यह दबाव जारी रह सकता है। वहीं विदेशी निवेशकों ने इस साल अभी तक 18 अरब डॉलर से अधिक से भारतीय बाजार निकासी की है। रुपये की गिरावट से विदेशी निवेशकों के आकर्षण घटा दिया है, जिसकी वजह से बिकवाली जारी है। फॉरेक्स एडवाइजरी फर्म सीआर फॉरेक्स के प्रबंध निदेशक अमित पबारी ने कहा, रुपये की कमजोरी मुख्य रूप से टैरिफ संबंधी चिंताओं और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण है।

**व्यापार घाटा नवंबर में घटकर पांच महीने के निचले स्तर-** जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ, वीके विजयकुमार बताते हैं, रुपये में मंगवलार को गिरावट की उम्मीद कम थी, क्योंकि नवंबर का व्यापारी आंकड़े उम्मीद से बेहतर आए है, मुझे लगता है कि शॉर्ट पोजिशन कवर करना आज की गिरावट का एक कारण हो सकता है। एफआईआई की बिकवाली एक बुरे चक्र की तरह काम कर रही है जो रुपये में लगातार गिरावट ला रही है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च विशेषज्ञ दिलीप परमार कहते हैं, विदेशी फंड के आउटफ्लो और लगातार रिस्क से बचने की आदत से लगातार नीचे की ओर दबाव ने भारतीय रुपये को नए ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। वहीं उम्मीद से बेहतर ट्रेड डेटा से मिलने वाले सपोर्ट को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। हालांकि, हाल की गिरावट की तेजी को देखते हुए, हमें उम्मीद है कि रुपया आने वाले सत्र में वापसी करने की कोशिश करेगा, उम्मीद है कि 90.50 पर सपोर्ट और 91.45 पर रेजिस्टेंस वाली टेक्निकल रेंज में ट्रेड करेगा।



### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता में देरी ने रुपये पर असर डाला

बसंत ने बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता में देरी की वजह से भी रुपये में गिरावट देखने को मिल रही है। हमें उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द ही होगा, दोनों देशों के बीच बातचीत सकारात्मक बनी हुई है। भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति ने फोन पर बातचीत भी की है, जो वार्ता को आगे ले जाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगी। समझौता होने के साथ ही इक्विटी निवेशकों की अनिश्चितता कम होने में मदद मिलेगी और रुपये में अप्रत्याशित उछाल आ सकता है।

### रुपये में गिरावट की वजह से सोना-चांदी की मांग बढ़ी

कमोडिटी विशेषज्ञ मोहन छेड़ा बताते हैं, सोने और चांदी की कीमतें बढ़ रही हैं क्योंकि अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये दोनों पर भारी बिकवाली का दबाव है। अमेरिकी डॉलर सूचकांक हाल ही में 98 से नीचे फिसल गया और इस स्तर से नीचे बना हुआ है, जबकि भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे भारत और विदेशों दोनों में सोने और चांदी की मांग बढ़ी है।

### इंडिगो की उड़ानों में हुई

## गड़बड़ी पर डीजीसीए सख्त



### रिपोर्ट आने पर होगी कड़ी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइन में हालिया उड़ान गड़बड़ियों के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए ) कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। मामले को लेकर एक अधिकरी ने कहा कि चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ सख्त सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी। इस महीने की शुरूआत में उड़ानों में हुई गड़बड़ियों के बाद, डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन समय-सारणी में 10 प्रतिशत की कटौती की है। परिचालन संकट से पहले देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो रोजाना 2,300 फ्लाइट्स ऑपरेट करती थी। अधिकारी ने साफ किया कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य भविष्य में ऐसी तकनीकी और परिचालन संबंधी गड़बड़ियों को दोबारा होने से रोकना है। यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य एयरलाइंस के शेड्यूल पालन की भी निगरानी की जा रही है? इस पर जवाब देते हुए अधिकारी ने कहा 'कोहरे के मौसम और छुट्टियों के सीजन को देखते हुए एयरलाइंस को अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। इस बीच, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को भविष्य की रणनीति साझा करते हुए कहा कि कंपनी का पूरा ध्यान अब स्थिति को सुधारने पर केंद्रित है।

### 2025 में इंडिया पोस्ट का कायाकल्प, पासपोर्ट व बैंकिंग बनी लाइफलाइन

# अब सिर्फ 'चिट्ठी' नहीं, डिजिटल क्रांति भी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय डाक ने 2025 में पारंपरिक सेवाओं से आगे बढ़कर डिजिटल समावेशन और जनसेवा में नई मिसाल पेश की है। पासपोर्ट, आधार, बैंकिंग और 'डिजिपिन' जैसी उपलब्धियों के साथ इंडिया पोस्ट के इस कायाकल्प पर पढ़ें विस्तृत रिपोर्ट।

वर्ष 2025 भारतीय डाक विभाग के लिए एक बदलाव भरा साल साबित हुआ। संचार मंत्रालय के तहत आने वाले इस विभाग ने अपनी भूमिका को केवल चिट्ठी-पत्री तक सीमित न रखकर, खुद को आम लोगों के लिए केंद्रित डिजिटल, वित्तीय और प्रशासनिक सेवाओं की रीढ़ (बैकबोन) के रूप में स्थापित कर लिया है। मंत्रालय की ओर से जारी ईयर इंड रिव्यू के अनुसार, भारतीय डाक ने अपने विशाल नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सेवाओं की कमी को दूर करने का काम किया है।

**पासपोर्ट और आधार सेवाओं में बड़ी छलांग -** आम नागरिकों को सुविधा देने में विभाग की सबसे बड़ी उपलब्धि 'डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों' का विस्तार रही। विदेश मंत्रालय के साथ सहयोग करते हुए, 30 नवंबर 2025 तक देश भर में 452 पीओपीएसकेएस संचालित किए जा रहे थे, जिससे पासपोर्ट सेवाएं लगभग हर लोकसभा क्षेत्र तक पहुंच गईं। जनवरी से नवंबर के बीच, विभाग ने 29 लाख से अधिक पासपोर्ट-संबंधित आवेदनों को प्रोसेस किया, इससे न केवल आवेदकों को सहूलियत हुई, बल्कि विभाग को 114.88 करोड़ रुपये का राजस्व भी मिला।

इसी तरह, आधार सेवाओं को मजबूत करने में भी डाक विभाग ने अहम भूमिका निभाई। देश भर में 13,000 से अधिक आधार केंद्र डाकघरों से संचालित हुए। 'राष्ट्रीय डाक सप्ताह' के दौरान स्कूलों में 1,500 से अधिक विशेष शिविर लगाए गए। कुल मिलाकर, 2025 में 2.35 करोड़ से अधिक आधार नामांकन और अपडेट किए गए, जिससे 129.13 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया गया।



### डोर-स्टेप केवाईसी में दिया बड़ा योगदान

वित्तीय समावेशन और कनेक्टिविटी पर जोर वर्ष 2025 में वित्तीय समावेशन विभाग की प्राथमिकता रहा। भारतीय डाक ने म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए लगभग 5 लाख 'डोर-स्टेप केवाईसी' सत्यापन पूरे किए। एम्फी (एएमएफआई), यूटीआई और एसबीआई म्यूचुअल फंड जैसे दिग्गजों के साथ हुए समझौतों ने डाकघरों को निवेश वितरण का एक भरोसेमंद माध्यम बना दिया है। दूरसंचार के क्षेत्र में भी विभाग ने बीएसएनएल के साथ समझौता कर अपनी पहुंच बढ़ाई है। अब 1.64 लाख से अधिक डाकघरों में सिम कार्ड की बिक्री और रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है, जिससे विशेष रूप से उन क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी सुधरी है जहां नेटवर्क की पहुंच कम थी। भारतीय डाक ने इसरो और आईआईटी हैदराबाद के सहयोग से 'डिजिपिन' लॉन्च किया। यह 10-अक्षरों वाली जियो-कोडेड डिजिटल एड्रेस प्रणाली है, जो भारत में हर 4X4 मीटर के ग्रिड की विशिष्ट पहचान करती है। इस नवाचार को 'एशियन-पैसिफिक पोस्टल यूनियन बिजनेस फोरम' में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

### महाराष्ट्र में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत

# जानिए क्या है 89780 करोड़ की 38 परियोजनाओं का खाका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में 89,780 करोड़ रुपये की 38 रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस योजना में नई रेल लाइनें, पटरियों का दोहरीकरण और मुंबई लोकल का आधुनिकीकरण शामिल है। जानिए रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में होने वाले बड़े बदलावों के बारे में विस्तार से।

केंद्र ने महाराष्ट्र में रेल नेटवर्क बढ़ाने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने राज्य में 89,780 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 38 प्रमुख रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय के अनुसार, इन परियोजनाओं के तहत कुल 5,098 किलोमीटर लंबी पटरियों का निर्माण, गेज परिवर्तन और दोहरीकरण का कार्य किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में रेल नेटवर्क की क्षमता को बढ़ाना और ट्रेनों के परिचालन को सुगम बनाना है। स्वीकृत योजना में 11 नई रेलवे लाइनें, 2 गेज परिवर्तन और 25 दोहरीकरण या मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं शामिल हैं। रेल मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में रेलवे के बुनियादी ढांचे के लिए आवंटित धन में भारी वृद्धि हुई है। वर्ष 2009 से 2014 के बीच, औसत वार्षिक व्यय लगभग 1,171 करोड़ रुपये था। इसकी तुलना में, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट आवंटन बढ़कर 23,778 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछली राशि से ₹20 गुना से अधिक₹ है। फंडिंग में इस वृद्धि का सीधा असर निर्माण कार्यों की गति पर पड़ा है। नई पटरियों को बिछाने की औसत गति, जो पहले 58.4 किलोमीटर प्रति वर्ष थी, अब बढ़कर 208.36 किलोमीटर प्रति वर्ष हो गई है। मुंबई के व्यस्त उपनगरीय नेटवर्क, जहां प्रतिदिन 3,200 लोकल ट्रेनों और 120 एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन होता है, के लिए भी विशेष अपग्रेड की घोषणा की गई है। क्षमता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए मुंबई शहरी परिवहन परियोजना के चरण क्क, आईआईआई और आईआईआईए को मंजूरी दी गई है।

# अरावली पर्वत बचाने के लिए आंदोलन, जोधपुर में लाठीचार्ज, कई शहरों में पुलिस-प्रदर्शनकारी भिड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राजस्थान में अरावली पर्वत श्रंखला में खनन को मंजूरी मिलने से नाराज लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस और सामाजिक संगठनों के लोगों की उदयपुर कलेक्ट्रेट में पुलिस से धक्का-मुक्की हुई।

इस दौरान कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। यहां पुलिस ने कुछ कार्यकताओं को अरेस्ट भी कर लिया। सीकर में 945 मीटर ऊंचाई पर स्थित हर्ष पर्वत पर प्रदर्शन किया गया। अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- राजस्थान के लिए अरावली फेफड़े के समान है। इस फैसले को वापस लेना होगा, नहीं तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। जोधपुर में एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान बेरिकेड्स पर चढ़ गए। पुलिस ने लाठी चलाकर भीड़ को खदेड़ा।

20 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भू-आकृति को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इस मानक से अरावली की 90% से ज्यादा पहाड़ियां संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएगी। इस फैसले के बाद अरावली को बचाने की आवाजें तेज हो गई।



(मैप प्रतीकात्मक है।)

उदयपुर में कई संगठन कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अरावली बचाने के लिए एकजुट हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता, करणी सेना, फाइनेंस ग्रुप और कई समाजों के लोगों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वापस लिया जाए, नहीं तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस बीच कलेक्ट्रेट पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हो गई। अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अरावली राजस्थान का फेफड़ा है। सरकार इसे खत्म करना चाहती है।



## सूरत में फर्नीचर गोदाम में आग लगी; लाखों का सामान जलकर राख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सूरत

गुजरात के सूरत में सोमवार देर रात एक फर्नीचर गोदाम में आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मौके से काले धुएं के गुबार और ऊंची लपटें उठती दिखीं। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते गोदाम का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया और लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। आग को आसपास फैलने से रोकने के लिए कई फायर टेंडर लगाए गए। दमकलकर्मियों ने लगातार पानी और फोम की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। हालांकि, देर रात तक आग पर काबू नहीं पाया गया।

## प्रदर्शनकारियों ने ऑटोनॉमस काउंसिल के चीफ का घर जलाया; 4 घायल

असम के कार्बी आंगलोंग में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने कार्बी आंगलोंग ऑटोनॉमस काउंसिल प्रमुख के घर में आग लगा दी। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी, इसमें तीन प्रदर्शनकारी और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। प्रदर्शनकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाने की मांग को लेकर 12 दिन से भूख हड़ताल पर थे। हिंसा के बाद कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग में धारा 163 लगा दी गई है। जिले में रात का कर्फ्यू भी लागू है।

## पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के साले के मामले में सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

पूर्व आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा के साले रोहित तिवारी ने कोर्ट से खुद को आरोप-मुक्त करने की मांग की है। इस मामले में कोर्ट 10 जनवरी को फैसला दे सकता है। रोहित के वकील ने कहा है कि ईडी अपनी चार्जशीट में सौरभ शर्मा और रोहित तिवारी के बीच व्यवसायिक लेन-देन में गड़बड़ी साबित नहीं कर पाई। इससे पहले कोर्ट ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को आरोपमुक्त करने की याचिका खारिज कर दी थी।

जबलपुर में रहने वाले सौरभ शर्मा के साले रोहित तिवारी और उसकी पत्नी समेत सौरभ की पत्नी, मां, चेतन, शरद समेत अन्य को ईडी ने आरोपी बनाया है। रोहित तिवारी को आरोप-मुक्त करने के आवेदन पर सोमवार को अपर जिला न्यायाधीश की कोर्ट में सुनवाई हुई।

## वकील बोले- रोहित की कमाई में अनियमितता नहीं पाई गई

इस सुनवाई में सौरभ के साले रोहित को आरोप मुक्त करने की मांग रोहित के वकील आकाश तैलंग ने की। इस दौरान उन्होंने कोर्ट को बताया कि सौरभ और रोहित के बीच व्यवसायिक संबंध की पुष्टि ईडी नहीं कर पाई गई है रोहित की कमाई में अनियमितता नहीं पाई गई है। उन्होंने कहा कि सौरभ के सभी फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन और बैंक अकाउंट की जानकारी ईडी को शेयर की गई है, जिसमें कोई भी ट्रांजैक्शन रोहित तिवारी और सौरभ शर्मा के बीच नहीं मिला है। ईडी ने सिर्फ इसलिए आरोपी बनाया है, क्योंकि रोहित रिश्तेदार है। इस पर ईडी आपत्ति जताई है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने ऑर्डर रिजर्व रखा है और 10 जनवरी को फाइनल सुनवाई कर फैसला देने को कहा है। इसके पहले सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल की ओर से भी कोर्ट से आरोप मुक्त किए जाने की याचिका लगाई जा चुकी है। जिसे कोर्ट खारिज कर चुका है।

## यूपी में मदरसा टीचर को बचाने वाला विधेयक रद्द, जुर्म किया तो पुलिस सीधे उठा लेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

योगी सरकार ने अखिलेश सरकार में मंजूर मदरसा टीचर को बचाने वाले विधेयक को वापस ले लिया। यानी अब मदरसे का कोई टीचर या कर्मचारी गलती करता है, तो उसके खिलाफ पुलिस एक्शन ले सकेगी। सपा सरकार में साल-2016 में उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक पास हुआ था। संविधान को ताक पर रखकर कानून बनाया गया था। इसके तहत मदरसों के किसी भी टीचर या कर्मचारी के खिलाफ न तो कोई जांच हो सकती थी और न ही कोई मुकदमा दर्ज हो सकता था। तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने बिल पर आपत्ति लगाते हुए इसे राष्ट्रपति के पास भेज दिया था। उनका तर्क था कि यह विधेयक संविधान के दायरे में नहीं आता। उस समय सपा सरकार विधेयक को लागू ही नहीं कर सकी थी। उसके बाद 2017 में यूपी में भाजपा की सरकार बन गई।

इसके बाद राष्ट्रपति ने भी बिल लौटा दिया। इन कमियों को देखते हुए केंद्र सरकार ने निर्देश दिया कि नया विधेयक लाया जाए, जो संविधान के दायरे में हो। राष्ट्रपति से बिल वापस आने के बाद प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने विधेयक वापस लेने का प्रस्ताव मंजूर किया। इसके अलावा योगी कैबिनेट ने अनुपूरक बजट के साथ 24 और प्रस्ताव पास किए हैं।

### चिकित्सक शिक्षकों की भर्ती के लिए बोर्ड बनेगा

यूपी में अभी तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के जरिए की जाती है। सरकार के संज्ञान में आया कि आयोग में भर्ती से जुड़े काम ज्यादा होने की वजह से विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती में समय लग जाता है। अब सरकार विशेषज्ञ चिकित्सकों और चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती के लिए यूपी विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षक भर्ती बोर्ड बनाएगी। सरकार का कहना है कि इससे शिक्षकों की जल्द भर्ती होगी और अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी दूर हो जाएगी।

## मोपेड में शव लेकर 35 किमी दूर आए आरोपी, जांच तो दूर, न किसी को शक, न किसी ने रोका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायपुर

राजधानी के अमलीडीह इलाके में झाड़ियों के पीछे मिले 16 साल की नाबालिग के कातिलों को पुलिस ने 32 दिनों बाद पकड़ लिया है। हालांकि नाबालिग की गला दबाकर हत्या करने वाला मुख्य आरोपी रोहित कुमार अब भी फरार है।

इस हत्याकांड में रायपुर और दुर्ग की पुलिसिंग, पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। 19 नवंबर की रात तेलीबांधा निवासी रोहित कुमार ने नाबालिग की गला दबाकर हत्या की। इसके बाद वह अपने साथी और नाबालिग के कथित प्रेमी हरीश पटेल के साथ शव को मोपेड में रखकर भिलाई पावर हाउस से रवाना हुआ।

आरोपी खुलेआम शव लेकर खुसीपार, भिलाई, कुम्हारी और टाटीबंध होते हुए करीब 35 किलोमीटर का सफर तय कर अमलीडीह पहुंचे। वहां एक खाली प्लॉट में शव को झाड़ियों के पीछे फेंककर लौट गए। इस दौरान आरोपी पुलिस के सामने से और कुम्हारी टोल प्लाजा से होकर गुजरे। रास्ते में पुलिस की गाड़ियां भी सामने से निकलीं, लेकिन किसी ने उन्हें न रोका, न टोका। भिलाई से अमलीडीह के बीच कुल 9 पुलिस थाना पड़ते हैं। भिलाई पावर हाउस क्षेत्र में छावनी थाना है, जहां चौक पर हमेशा पुलिस मौजूद रहती है।

### सोनिया बोलीं- मोदी मजदूरों का पैसा बढ़ने नहीं देना चाहते:

# मनरेगा खत्म होगा तो करोड़ों गरीब बेरोजगार होंगे, सालभर काम की गारंटी खत्म हो जाएगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी MGNREGA को खत्म करने से गांवों में रहने वाले करोड़ों लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। मनरेगा खत्म होना सामूहिक नाकामी है। इसके खिलाफ सभी से एकजुट होना चाहिए।

सोनिया गांधी ने 22 दिसंबर को अंग्रेजी अखबार The Hindu में पब्लिश अपने कॉलम 'द बुलडोजर डिमॉलिश ऑफ



मनरेगा' में यह बात कही। उनका कॉलम तब आया है, जब राष्ट्रपति मुर्मू विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) बिल को मंजूरी दे चुकी हैं, जो मनरेगा की जगह लेगा। इस नए कानून में ग्रामीण मजदूरों को 125 दिन काम देने की गारंटी दी गई है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 16 दिसंबर को लोकसभा से श्ङ-ऋफ्श्रट-ऋ बिल पास किया गया था। 18 दिसंबर को इसे राज्यसभा से पास किया गया था। मनरेगा महात्मा गांधी के सर्वोदय यानि 'सबका कल्याण' के विचार पर आधारित था। इसने काम के अधिकार को मजबूत किया है। संकट से बचने के लिए ग्रामीणों के लिए बने इस रोजगार गारंटी कानून को बुलडोजर चलाकर खत्म कर दिया गया है। नागरिकों को काम का अधिकार देने की बात कही गई है।

### बांग्लादेश हाई कमीशन ने भारत में वीजा सर्विस रोकी

# सुरक्षा का हवाला दिया; मोहम्मद यूनुस ने कहा- हादी हत्याकांड के आरोपी के भारत भागने की जानकारी नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश हाई कमीशन ने भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने सभी वीजा और काउंसलर सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह रोक अगले आदेश तक लागू रहेगी। इससे पहले अगरतला में बांग्लादेश कॉन्सुलेट भी वीजा सर्विस पर रोक लगा चुका है। यह फैसला शनिवार को हाई कमीशन के बाहर हुए प्रदर्शन के बाद लिया गया।

दूसरी तरफ बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने भी यह साफ किया कि इस बात की कोई पुख्ता जानकारी नहीं है कि छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या के आरोपी ने भारत में शरण ली है।

गृह मंत्रालय के रफीकुल इस्लाम ने बताया कि मुख्य आरोपी फैसल करीम मसूद के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हादी की मौत के बाद आरोपी के भारत में शरण लेने का दावा किया जा रहा था। रविवार को भारत ने सुरक्षा हालात को देखते हुए चटगांव स्थित अपने असिस्टेंट हाई कमीशन में वीजा सर्विसेज को बंद कर दिया था। यह फैसला भारत विरोधी प्रदर्शनों के बाद लिया गया था।

चटगांव में भीड़ ने गुरुवार को भारतीय असिस्टेंट हाई कमिश्नर के आवास के पास पहुंच गई और पथराव भी किया। इसके अलावा खुलना, राजशाही और ढाका में भी भारतीय दफ्तरों के बाहर बड़े पैमाने पर भारत विरोधी नारे लगाए गए थे।

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में शनिवार रात को दिल्ली में बांग्लादेश हाई-कमीशन के बाहर प्रदर्शन हुआ था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ किया कि यह प्रदर्शन बेहद छोटा और शांतिपूर्ण था। इससे बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था।

उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर बांग्लादेश के कुछ मीडिया संस्थानों में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। हकीकत यह है कि प्रदर्शन में सिर्फ 20 से 25 युवा शामिल थे। बांग्लादेश ने भारत के इस बयान को खारिज करते हुए कहा है कि स्थिति इससे कहीं ज्यादा गंभीर थी। ढाका ने कहा कि इस घटना को भ्रामक प्रचार कहना ठीक नहीं है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार एम. तौहीद हुसैन ने रविवार को कहा कि भारत ने इस घटना को जरूरत से ज्यादा हल्का बनाकर पेश किया है।

उन्होंने सवाल उठाया कि 25-30 लोगों का समूह इतने सुरक्षित कूटनीतिक क्षेत्र तक कैसे पहुंच गया। उनका कहना था कि सामान्य परिस्थितियों में ऐसा संभव नहीं होना चाहिए था, जब तक कि उन्हें वहां तक पहुंचने की अनुमति न दी गई हो। तौहीद हुसैन ने यह भी कहा कि प्रदर्शन में सिर्फ हत्या के विरोध तक ही सीमित नारे नहीं लगे, बल्कि अन्य बयान भी दिए गए। उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेशी मीडिया में छपी खबरें भ्रामक नहीं थीं और काफी हद तक सही थीं।




### लोग बोले- दीपू पर झूठा आरोप लगाकर हत्या की

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि दीपू निर्दोष था। उस पर झूठा आरोप लगाया गया कि उसने ईशनिंदा की है। इसके बाद कट्टरपंथियों ने उसे बुरी तरह पीटा, पेड़ से लटका दिया और फिर जिंदा जला दिया। दीपू की हत्या सिर्फ एक इंसान की हत्या नहीं है, बल्कि पूरे अल्पसंख्यक समुदाय के लिए डर का संदेश है। यह घटना पूरे देश में बढ़ रही धार्मिक हिंसा की सच्चाई दिखाती है। लोगों ने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद न तो सरकार की ओर से कोई ठोस बयान आया और न ही किसी बड़े नेता ने खुलकर इसकी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया ने भी इस मामले को उतनी जगह नहीं दी, जितनी मिलनी चाहिए थी। दावा किया जा रहा था कि मृतक दीपू चंद्र दास ने फेसबुक पर धार्मिक भावना

### हसीना बोलीं- यूनुस ने भारत विरोधियों को बढ़ावा दिया

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश में बढ़ रहे भारत विरोधी माहौल को लेकर अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अठक को ईमेल इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह दुश्मनी आम लोगों की नहीं बल्कि उन कट्टरपंथी ताकतों की देन है, जिन्हें यूनुस सरकार ने हौसला दिया है। शेख हसीना ने कहा- यह नफरत चरमपंथी फैला रहे हैं। यही लोग भारतीय दूतावास तक मार्च करते हैं, मीडिया दफ्तरों पर हमला करते हैं, अल्पसंख्यकों पर हमला करते हैं और जिन्होंने मुझे और मेरे परिवार को जान बचाकर देश छोड़ने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि भारत को अपने राजनयिकों और दूतावासों की सुरक्षा को लेकर जो चिंता है, वह बिल्कुल सही है। आज यूनुस ने कट्टरपंथी लोगों को सत्ता के पदों पर बैठा दिया है और सजा पाए आतंकियों को जेल से रिहा कर दिया है। हसीना ने कहा कि एक जिम्मेदार सरकार का काम होता है कि वह दूतावासों की सुरक्षा करे और उन्हें धमकाने वालों पर कार्रवाई करे। लेकिन इसके बजाय यूनुस ऐसे उपद्रवियों को छूट दे रहे हैं और उन्हें योद्धा कह रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या के खिलाफ ढाका के नेशनल प्रेस क्लब के सामने हिंदू संगठनों और अल्पसंख्यक समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने यह भी बताया कि सिर्फ धार्मिक पहचान की वजह से अल्पसंख्यकों को परेशान किया जा रहा है।

### बांग्लादेश में हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला:घर में घुसकर गोली मारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला हुआ है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खुलना में सोमवार दोपहर 12 बजे नेशनल सिटिजंस पार्टी के नेता मोहम्मद मोतालेब शिकदर को घर में घुसकर गोली मार दी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावरों ने सीधे मोतालेब के सिर को निशाना बनाकर फायरिंग की। वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआत में उनकी हालत काफी नाजुक थी। डॉक्टरों ने बताया कि गोली उनके कान को चीरकर निकल गई। यानी सिर के अंदर या दिमाग तक नहीं पहुंची, इसलिए गंभीर अंदरूनी चोट नहीं हुई। पुलिस अधिकारी अनिमेष मंडल ने कहा कि गनीमत रही कि गोली दिमाग तक नहीं पहुंची, जिससे उनकी जान बच गई। मोतालेब शिकदर NCP के खुलना डिवीजन के प्रमुख हैं।

# भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली- मुनीर

### नहीं तो हालात बिगड़ जाते; मई में भारत ने 11 पाकिस्तानी एयरबेस तबाह किए थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हमने इसे महसूस किया, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए।

मुनीर ने यह बयान 10 दिसंबर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कॉन्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए।

भारत ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (ढ्ढझ्रद्म) में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।



इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिन तक भारी गोलीबारी और सैन्य टकराव हुआ, जो 10 मई को समझौते के बाद रुका। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए थे।

अपने भाषण में मुनीर ने धार्मिक बातों पर जोर देते हुए पाकिस्तान की तुलना 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद द्वारा स्थापित इस्लामी राज्य से की। उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं और कहा कि इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान को खास दर्जा मिला है। मुनीर ने कहा कि दुनिया में 57 इस्लामी देश हैं, लेकिन अल्लाह ने पाकिस्तान को हरमैन शरीफैन यानी मक्का और मदीना की हिफाजत का सम्मान दिया है।

मुनीर ने पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा हालात पर भी बात की और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा कि वह पाकिस्तान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान में से किसी एक को चुने।

### आसिम मुनीर पहले भी कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं

मुनीर का आरोप है कि पाकिस्तान में घुसपैठ करने वाले ञ्ज्ञ्ज्ञ के आतंकियों में करीब 70% अफगान हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पाक नागरिकों के खून के लिए अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। मुनीर ने यह भी कहा कि किसी इस्लामी देश में जिहाद का ऐलान करने का अधिकार सिर्फ उस देश को होता है। बिना सरकार की इजाजत कोई फतवा जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की ज्यादातर आंतरिक समस्याओं के लिए अफगानिस्तान से आए हुए लोग जिम्मेदार हैं। आसिम मुनीर पहले भी कई बार कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं। उन्होंने इसी साल अप्रैल में कहा था कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी।

### पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन पीआईए आज नीलाम होगी, कंपनी ने नाम वापस लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

आर्थिक संकट से जूझ रहा पाकिस्तान अपनी राष्ट्रीय एयरलाइंस को बेचने की तैयारी में है। शहबाज सरकार पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की 75% हिस्सेदारी बेचेगी। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, 23 दिसंबर बोली जमा करने का आखिरी दिन है।

डेडलाइन के ठीक 2 दिन पहले सेना से जुड़ी एक खाद कंपनी फौजी फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड ने बोली लगाने से अपना नाम वापस लिया है, जिसके बाद सिर्फ 3 दावेदार रेस में हैं। एयरलाइंस बेचने के पीछे की सबसे बड़ी वजह ढ्ढरूस्न की नीति है। पाकिस्तान को IMF से 7 अरब डॉलर का लोन चाहिए। इसके बदले ढ्ढरूस्न चाहता है कि पाकिस्तान में घाटे में चल रहीं सरकारी कंपनियों का प्राइवेटाइजेशन हो। इसी शर्त के मुताबिक, पाकिस्तान अपनी 24 सरकारी कंपनियों को प्राइवेट कर रहा है। ढ्ढ्रू भी इसी का हिस्सा है। PIA को बेचने का दूसरा कारण एयरलाइंस को रिवाइव करना भी है, क्योंकि आर्थिक तंगी की वजह से सरकार ढ्ढ्रू में निवेश नहीं कर पा रही है। ढ्ढ्रू के खराब मैनेजमेंट से यात्री भी परेशान हैं।2020 में कराची में PIA का एक प्लेन क्रैश हुआ था, जिसमें 96 लोगों की जान गई थी। जांच में ढ्ढ्रू के 250 से ज्यादा पायलट के लाइसेंस संदिग्ध या फर्जी पाए गए थे। हादसे से PIA की छवि खराब हुई थी और कई देशों ने PIA की फ्लाइट्स को बैन कर दिया था। बैन के चलते PIA का घाटा बढ़ा और कंपनी पर करीब 25 हजार करोड़ का कर्ज हो गया।

### अमेरिका ने यौन अपराधी एपस्टीन का फर्जी वीडियो जारी किया, इसमें वो जेल में आत्महत्या की कोशिश कर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने सोमवार रात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जेल में मौत से जुड़ा एक वीडियो जारी किया। यह वीडियो सिर्फ 12 सेकंड का था और इसमें जेल की कोठरी में एक आदमी आत्महत्या की कोशिश करता हुआ दिख रहा था। वीडियो का समय एपस्टीन की मौत से करीब दो घंटे पहले 10 अगस्त 2019 सुबह 4:29 बजे का बताया गया। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, थोड़ी ही देर में साफ हो गया कि यह वीडियो असली नहीं, बल्कि अक्से बनाया गया फर्जी वीडियो है। यह वीडियो वेबसाइट और यूट्यूब पर पहले से मौजूद था। ऑनलाइन इमेजबोर्ड वेबसाइट है, जहां लोग बिना नाम बताए पोस्ट कर सकते हैं। बाद में उडख ने यह वीडियो अपनी वेबसाइट से तुरंत हटा लिया।

शुरुआत में लोगों को लगा कि एपस्टीन की मौत का असली वीडियो सामने आ गया है, इसलिए सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हुई। लेकिन ध्यान से देखने पर वीडियो में कई गड़बड़ियां दिखीं, जैसे जेल के कपड़े जमीन पर अजीब तरीके से पड़े होना और कोठरी का दरवाजा असली जेल से अलग दिखना।

जुलाई 2019 में जब एपस्टीन को न्यूयॉर्क पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके एक महीने बाद ही 10 अगस्त 2019 को उसकी मौत हो गई। सरकारी रिपोर्ट में तो कहा गया कि एपस्टीन ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया, लेकिन कई मेडिकल और लॉ एक्सपर्ट्स ने इस पर सवाल उठाए थे। पोस्टमॉर्टम से पता चला कि एपस्टीन की गर्दन की कई हड्डियां टूटी हुई थीं, लेकिन फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. माइकल बाडेन ने दावा किया कि ऐसी चोटें फांसी या आत्महत्या में नहीं होतीं। ये गला घोंटने जैसा मामला लगता है।


रिपोर्ट के मुताबिक, जिस रात एपस्टीन की मौत हुई, उस रात जेल की सिक्योरिटी में खामियां देखी गईं। एपस्टीन के सेल के बाहर लगे 2 कैमरे उस रात कई बार खराब हुए। एक बार 3 मिनट के लिए कैमरे बंद हुए और जब दोबारा चालू हुए तो एपस्टीन की मौत हो चुकी थी। जेल की ओर से जारी सीसीटीवी फुटेज में भी 1 मिनट का जंप था।

अमेरिकी टीवी होस्ट जो स्कारबोरो ने ट्वीट किया- एक ऐसा इंसान, जिसके पास अमीर और ताकतवर लोगों की जिंदगी तबाह करने की जानकारी थी। जेल में मरा पाया गया। ये तो रूसी तरीका है।


### तीन लाख दस्तावेज जारी हुए थे

जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी किए थे। हालांकि अभी भी पूरे दस्तावेज जारी होने में समय लग सकता है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | | | | | | | | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 50 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | क्ष | ल | जी | दि | ल | फो | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | या | हा | ह | व | म |
| ट | ज | न | प | व | म | डे | डी. | एम | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | आ | श |
| श | आ | व | ला | ज | र | सौ | डी. | ट | फ | धी |
| मौं | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| गि | ल | च | त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | व | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

# एमपी में ठंड का डबल अटैक: कोहरा भी...कोल्ड वेव भी

## दतिया-रीवा में 50 मीटर विजिबिलिटी; 25 शहरों में पारा 10° से कम, पचमढ़ी सबसे ठंडा

**कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में जारी बर्फबारी ने मध्यप्रदेश में भी सर्दी बढ़ा दी है। उत्तरी हिस्से में घना कोहरा है। यहां 50 मीटर विजिबिलिटी का खतरा बना हुआ है। सोमवार को दतिया-रीवा सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के 22 जिलों में घना कोहरा रहा। वहीं, ग्वालियर, मुरैना, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा और सीधी में कोहरे के साथ कोल्ड वेव यानी, शीतलहर का असर भी बना रहा। दतिया और रीवा में विजिबिलिटी इतनी कम थी कि सड़क और रेलवे दोनों पर असर पड़ा। आपके शहर में हालात कितने खराब हैं और अगले 3 दिन क्या होगा? ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा छाया हुआ है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सीहोर, रायसेन, विदिशा, शाजापुर, आगर-मालवा समेत कई शहरों में मध्यम कोहरा देखने को मिला। अगले 2 दिन की बात करें तो 24 और 25 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। कुछ जगहों पर ही कोहरे का असर देखने को मिल सकता है, लेकिन ठंड का असर बढ़ेगा।**

### ठंड के लिए दिसंबर-जनवरी खास

मौसम विभाग के अनुसार, जिस तरह मानसून के चार महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में से दो महीने जुलाई-अगस्त महत्वपूर्ण रहते हैं और इन्हीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक बारिश हो जाती है, ठीक उसी तरह दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इन्हीं दो महीने में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं।

इसलिए टेम्प्रेचर में अच्छी-खासी गिरावट आती है। सर्द हवाएं भी चलती हैं। पिछले 10 साल के आंकड़े यही ट्रेंड बताते हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से दिसंबर में मावठा भी गिरता है। इससे दिन में भी सर्दी का असर बढ़ जाता है।

मौसम का ट्रेंड देखें तो दिसंबर में स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस आते हैं। वहीं, उत्तरी हवाएं आने से दिन-रात के तापमान में गिरावट होती है। इस बार भी यही हो रहा है। शुरूआत से अब तक कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर भारत को प्रभावित कर चुके हैं। इस वजह से एमपी में कड़ाके की ठंड के साथ शीतलहर का असर है। ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। यहां बर्फीली हवाएं सीधे आ रही हैं। कोहरे का असर भी इन जिलों में ज्यादा देखा जा रहा है। सागर और रीवा संभाग भी प्रभावित है। भोपाल संभाग के सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और विदिशा में ठंड का जोर है। राजगढ़ में पारा 4 डिग्री तक पहुंच चुका है।



### इंदौर में 5 से 8 डिग्री के बीच रहा है पारा

इंदौर में दिसंबर में रात का तापमान 5 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। पिछले साल तापमान 8.6 डिग्री तक पहुंच गया था। 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो दिन में पारा 28 से 31 डिग्री के बीच ही रहता है। इस महीने इंदौर में बारिश भी होती है। पिछले 4 साल से बारिश हो रही है। हालांकि, इस बार अब तक बारिश नहीं हुई है। 31 दिसंबर 2015 को दिन का सर्वाधिक तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया था। 27 दिसंबर 1936 की रात में टेम्प्रेचर 1.1 डिग्री रहा था। सर्वाधिक कुल मासिक बारिश वर्ष 1967 को 108.5 मिमी यानी 4.2 इंच हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक 53 मिमी यानी 2.1 इंच बारिश 17 दिसंबर 2009 को हुई थी।

### उज्जैन में भी कड़ाके की ठंड


उज्जैन में दिन का औसत तापमान 28.2 डिग्री और रात में 9.4 डिग्री सेल्सियस है। इस महीने औसत 4.6 मिमी बारिश होती है। पिछले पांच साल से उज्जैन में दिसंबर में बारिश हो रही है, लेकिन अबकी बार एक भी दिन बारिश नहीं हुई है। 18 दिसंबर 2002 को दिन में टेम्प्रेचर 34.9 डिग्री पहुंच चुका है। यह ओवरऑल रिकॉर्ड है। 28 दिसंबर 1968 और 29 दिसंबर 1983 को रात में पारा 0.5 डिग्री पहुंच चुका है।

## इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा, पारा 5 डिग्री से नीचे

### एमपी में कहां, कितनी विजिबिलिटी?



| | |
|---|---|
| 50 मीटर | दतिया, रीवा |
| 50-200 मीटर | ग्वालियर, जबलपुर, खजुराहो, सतना |
| 200-500 मीटर | सागर, दमोह, नौगांव |
| 500 से 1000 मीटर | उमरिया |
| 1000 मीटर से ज्यादा | भोपाल, मंडला, रायसेन |
| 2 से 4Km तक | गुना, इंदौर, राजगढ़, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, मंडला |




हाई बीम नहीं, लो बीम हेडलाइट चालू रखें।

फॉग लाइट ऑन रखें

गाड़ी 30-40 KM/H से तेज न चलाएं

अचानक ब्रेक से बचें

रेलवे क्रॉसिंग पर अतिरिक्त सतर्कता

बाइक सवार हेलमेट और रिफ्लेक्टर जरूर पहनें

इससे पहले रविवार-सोमवार की रात में कई शहरों में पारे में गिरावट का दौर बना रहा। 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल-इंदौर में 8.8 डिग्री, ग्वालियर में 11.3 डिग्री, उज्जैन में 11.4 डिग्री और जबलपुर में पारा 9 डिग्री रहा।

प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री पहुंच गया। रीवा में 5.6 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 5.9 डिग्री, राजगढ़-खजुराहो में 7 डिग्री, सतना के चित्रकूट में 7 डिग्री, मलाजखंड में 7.4 डिग्री, बैतूल में 7.5 डिग्री, नौगांव में 7.6 डिग्री, खंडवा-सतना में 8 डिग्री, मंडला में 8.2 डिग्री, नरसिंहपुर, खरगोन-उमरिया में 8.4 डिग्री, दमोह में 8.5 डिग्री, रायसेन में 8.8 डिग्री, सागर में 8.9 डिग्री, शिवपुरी में 9 डिग्री और दतिया में पारा 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### नवंबर-दिसंबर में रिकॉर्ड तोड़ चुकी है सर्दी

इस बार नवंबर के बाद दिसंबर में भी सर्दी रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। नवंबर में भोपाल में लगातार 15 दिन तक शीतलहर चली। रिकॉर्ड के अनुसार, साल 1931 के बाद शीतलहर के यह सबसे ज्यादा दिन है। दूसरी ओर, 17 नवंबर की रात में पारा 5.2 डिग्री तक पहुंच गया, जो ओवरऑल रिकॉर्ड भी रहा। इससे पहले 30 नवंबर 1941 में तापमान 6.1 डिग्री रहा था। इंदौर में भी पारा 6.4 डिग्री ही रहा। यहां भी सीजन की सबसे सर्द रात रही। 25 साल में पहली बार पारा इतना लुढ़का। दूसरी ओर, दिसंबर में इंदौर में पारा सबसे कम रहा। भोपाल में भी यह 5 डिग्री से नीचे पहुंच चुका है।

**भोपाल में 3.1 डिग्री रिकॉर्ड हो चुका टेम्प्रेचर-** भोपाल में दिन-रात ठंड और बारिश का ट्रेंड रहा है। 10 में से पिछले 5 साल से भोपाल दिसंबर में भीग रहा है। आधा से पौन इंच तक बारिश हो गई। हालांकि, इस बार अब तक बारिश नहीं हुई है। दिसंबर में ठंड की बात करें तो 11 दिसंबर 1966 की रात में पारा 3.1 डिग्री पहुंच गया था।

### उज्जैन में 10 साल में 2 बार पारा 5 डिग्री से नीचे

| वर्ष | दिन का तापमान | रात में तापमान |
|---|---|---|
| 2015 | 33.5 (31 दिसंबर) | 4.5 (26 दिसंबर) |
| 2016 | 32.5 (2 दिसंबर) | 5.4 (26 दिसंबर) |
| 2017 | 31.0 (1 दिसंबर) | 6.0 (27 दिसंबर) |
| 2018 | 29.5 (26 दिसंबर) | 2.5 (29 दिसंबर) |
| 2019 | 31.5 (1 दिसंबर) | 5.0 (28 दिसंबर) |
| 2020 | 33.0 (7 दिसंबर) | 6.5 (20 दिसंबर) |
| 2021 | 29.0 (14 दिसंबर) | 5.0 (20 दिसंबर) |
| 2022 | 31.5 (13 दिसंबर) | 8.8 (29 दिसंबर) |
| 2023 | 30.2 (27 दिसंबर) | 9.8 (23 दिसंबर) |
| 2024 | 31.0 (19 दिसंबर) | 6.0 (14 दिसंबर) |

*(आंकड़े दिसंबर के, बारिश इंच में)*

### जबलपुर में पिछले साल 4 डिग्री रहा था तापमान

| वर्ष | दिन का तापमान | रात में तापमान |
|---|---|---|
| 2015 | 31.7 (2 दिसंबर) | 5.4 (26 दिसंबर) |
| 2016 | 29.4 (1 दिसंबर) | 8.4 (20 दिसंबर) |
| 2017 | 29.5 (14 दिसंबर) | 7.5 (28 दिसंबर) |
| 2018 | 26.9 (11 दिसंबर) | 3.8 (29 दिसंबर) |
| 2019 | 29.0 (3 दिसंबर) | 4.4 (28 दिसंबर) |
| 2020 | 31.3 (8 दिसंबर) | 5.8 (20-21 दिसंबर) |
| 2021 | 27.8 (25 दिसंबर) | 4.8 (20 दिसंबर) |
| 2023 | 29.4 (4 दिसंबर) | 7.2 (19 दिसंबर) |
| 2024 | 29.9 (27 दिसंबर) | 4.0 (15 दिसंबर) |

*(आंकड़े दिसंबर के, बारिश इंच में)*

### ग्वालियर सबसे ठंडा, पारा 1.8 डिग्री तक पहुंचा

| वर्ष | दिन का तापमान | रात में तापमान |
|---|---|---|
| 2015 | 31.2 (11 दिसंबर) | 3.4 (25 दिसंबर) |
| 2016 | 30.4 (12 दिसंबर) | 6.9 (28 दिसंबर) |
| 2017 | 30.7 (1 दिसंबर) | 4.2 (17 दिसंबर) |
| 2018 | 28.0 (4 दिसंबर) | 3.7 (29 दिसंबर) |
| 2019 | 26.2 (5 दिसंबर) | 2.1 (30 दिसंबर) |
| 2020 | 31.7 (6-11 दिसंबर) | 3.8 (29-30 दिसंबर) |
| 2021 | 27.2 (5 दिसंबर) | 1.8 (19-20 दिसंबर) |
| 2022 | 29.3 (12 दिसंबर) | 3.6 (26 दिसंबर) |
| 2023 | 27.4 (14 दिसंबर) | 5.7 (20 दिसंबर) |
| 2024 | 29.2 (4 दिसंबर) | 4.6 (12 दिसंबर) |

*(आंकड़े दिसंबर के, बारिश इंच में)*

### इंदौर में 9 डिग्री से नीचे रहा रात का पारा

| वर्ष | दिन का तापमान | रात में तापमान |
|---|---|---|
| 2015 | 33.0 (31 दिसंबर) | 7.0 (24 दिसंबर) |
| 2016 | 31.5 (1 दिसंबर) | 9.1 (19-26 दिसंबर) |
| 2017 | 29.5 (12 दिसंबर) | 8.8 (27 दिसंबर) |
| 2018 | 28.7 (9 दिसंबर) | 6.6 (29 दिसंबर) |
| 2019 | 29.4 (1 दिसंबर) | 6.6 (28 दिसंबर) |
| 2020 | 31.6 (6 दिसंबर) | 8.0 (29 दिसंबर) |
| 2021 | 28.3 (6 दिसंबर) | 6.5 (20 दिसंबर) |
| 2022 | 29.8 (23 दिसंबर) | 10.1 (8 दिसंबर) |
| 2023 | 29.2 (24 दिसंबर) | 11.6 (20 दिसंबर) |
| 2024 | 30.5 (17 दिसंबर) | 8.6 (11 दिसंबर) |

*(आंकड़े दिसंबर के, बारिश इंच में)*

### भोपाल में दिसंबर में शीतलहर भी चलेगी

| वर्ष | दिन का तापमान | रात में तापमान |
|---|---|---|
| 2015 | 31.9 (3 दिसंबर) | 6.0 (5 दिसंबर) |
| 2016 | 30.9 (1 दिसंबर) | 7.5 (26 दिसंबर) |
| 2017 | 28.9 (12 दिसंबर) | 8.4 (18 दिसंबर) |
| 2018 | 27.4 (3 दिसंबर) | 4.9 (28 दिसंबर) |
| 2019 | 28.9 (1 दिसंबर) | 5.3 (28 दिसंबर) |
| 2020 | 32.6 (7 दिसंबर) | 6.8 (20 दिसंबर) |
| 2021 | 28.1 (15-24 दिसंबर) | 3.4 (20 दिसंबर) |
| 2022 | 30.5 (23 दिसंबर) | 8.6 (8 दिसंबर) |
| 2023 | 29.8 (23 दिसंबर) | 8.8 (3 दिसंबर) |
| 2024 | 30.4 (5 दिसंबर) | 3.3 (16 दिसंबर) |

*(आंकड़े दिसंबर के, बारिश इंच में)*

■ वर्ष-12 अंक-51 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 23 दिसम्बर, 2025

### सुभाषितानि

अबुद्धिमाश्रितानां तु क्षन्तव्यमपराधिनाम्।
न हि सर्वत्र पाण्डित्यं सुलभं पुरुषेण वै॥

**भावार्थ** : अनजाने में जिन्होंने अपराध किया हो उनका अपराध क्षमा किया जाना चाहिए, क्योंकि हर मौके या स्थान पर समझदारी मनुष्य का साथ दे जाए ऐसा हो नहीं पाता है। भूल हो जाना असामान्य नहीं, अतः भूलवश हो गये अनुचित कार्य को क्षम्य माना जाना चाहिए।

नारुन्तुदः स्यान्न नृशंसवादी न हीनतः परमभ्याददीत।
ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम्॥

**भावार्थ** : दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करे, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोले।

## यस्य केवलं अर्थः अस्ति यत् इदानीं कागजदावानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

निर्वाचनआयोगस्य निदेशं कुर्वन् भूमौ यथार्थता इति पदं प्रयुक्तवान्, यस्य केवलं अर्थः अस्ति यत् इदानीं कागजदावानां स्थलगतवास्तविकतानां च मध्ये अन्तरं पूरयितुं अत्यावश्यकम् अस्ति विशेषतः उत्तरप्रदेश-केरल-सदृशेषु राज्येषु स्थितिं विचार्य आगामिनिर्वाचनानां कृते एषः निर्णयः अत्यन्तं महत्त्वपूर्णः इति मन्यते। केरल-देशे यत्र अद्य, डिसेम्बर-मासस्य १८ दिनाङ्के मतगणना-समय-सीमा समाप्तः आसीत्, मतदाता-सूचिकायाः मसौदा च डिसेम्बर-मासस्य २३ दिनाङ्के प्रकाशितः भवितुम् अर्हति स्म, तत्र अधुना अन्तिम-निमेषस्य दौर्गन्धस्य कारणेन प्रपत्रं दातुं त्यक्तवन्तः मतदातारः अस्य आदेशेन पुनः जिज्ञासा उत्पन्ना अस्ति। उत्तरप्रदेशस्य संशोधिता समयसीमा अपि २६ दिसम्बं दिनाङ्के निर्धारिता आसीत्, परन्तु अधुना न्यायालयस्य हस्तक्षेपस्य अनन्तरं तस्य विस्तारस्य सम्भावना वर्धिता अस्ति।


## सम्पादकीयम्

### पिनारायी विजयसर्वकारः

शशि थरूर इत्यादयः नेतारः, येषां विषये चिरकालात् राजनैतिकसंभावना इति चर्चा भवति, ते भविष्यस्य विषये नूतनानि संकेतानि दातुं शक्नुवन्ति। राज्यस्य नेतृत्वं रणनीतिं च परिवर्तयितुं काङ्ग्रेस-उच्च-कमाण्डस्य उपरि दबावः अपि वर्धते। सत्ताधारी वाममोर्चा तृतीयवारं सत्तां प्राप्तुं स्वस्य लक्ष्यस्य कृते एतत् निर्वाचनं महत्त्वपूर्णं मन्यते। पिनारायी विजयसर्वकारः प्रशासनिकदबावस्य, आर्थिकचुनौत्यस्य, राजनैतिकविवादस्य च सामनां कुर्वन् अस्ति। वाममोर्चा परम्परागतरूपेण पंचायतेषु दृढसङ्गठनस्य उपरि अवलम्बः अस्ति। नागरिकनिर्वाचनं एकं मञ्चं यत्र तस्य स्थलबलस्य यथार्थतया मूल्याङ्कनं भवति। यदि एलडीएफ अत्र स्वस्य दृढं स्थानं निर्वाहयति तर्हि २०२६ तमस्य वर्षस्य विधानसभानिर्वाचनात् पूर्वं राजनैतिकज्वारं स्वपक्षे परिवर्तयिष्यति। परन्तु दुर्बलप्रदर्शनेन आगामिनिर्वाचने समीकरणानि जटिलानि भवितुम् अर्हन्ति। अतः एतेषु निर्वाचनेषु कार्यकर्ता एकतायाः स्थानीयसन्तुलनस्य च विषये विशेषं ध्यानं ददाति। इदं निर्वाचनं केरलदेशे भाजपायाः उपस्थितिविस्तारस्य अवसरः अस्ति। अन्तिमेषु वर्षेषु अनेकेषु मण्डलेषु अस्य दलस्य प्रभावः वर्धितः अस्ति। क्रिश्चियनसमुदायेन सह संचारं वर्धयितुं प्रयत्नाः अपि तीव्राः अभवन्। भाजपा अस्मिन् निर्वाचने एलडीएफ-सर्वकारस्य विरुद्धं सबरीमाला-सुवर्णचोरीं प्रमुखं विषयं करोति, परन्तु किमपि धूमधामं परिहरति।

#### 43 वषार्णाम् अनन्तरं पुनः प्रेमधारा प्रवहति

## नादिया के पार इत्यस्मिन् एकः ग्रामकथा पुनः बृहत्पटले आगच्छति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतीयचलच्चित्रस्य इतिहासे केचन चलच्चित्राः न केवलं दृश्यन्ते अपितु पीढीनां स्मृतीनां भागाः अपि भवन्ति। एतादृशी एकः अमरः कृतिः नादिया के पार अस्ति, या ४३ वषार्णां अनन्तरं बृहत्पटले पुनः आगच्छति । १९८२ तमे वर्षे प्रदर्शितम् एतत् चलच्चित्रं न केवलं भोजपुरी-हिन्दी-चलच्चित्रस्य सीमां भङ्गं कृतवान् अपितु ग्राम-परम्परा-सम्बन्ध-प्रेम-संसारस्य सरलं जगत् पदार्यां आनयत्, यस्य सुगन्धः अद्यापि प्रेक्षकाणां हृदये तिष्ठति। इदानीं यदा पुनः सिनेमागृहेषु एतत् चलच्चित्रं प्रदर्शितं भविष्यति तदा एतत न केवलं पुनः प्रदर्शनं अपितु कालेन बद्धानां स्मृतीनां उत्सवः एव।

राजश्री प्रोडक्शन्स् इत्यस्य एतत् क्लासिकं चलच्चित्रं बिहारस्य राजधानी पटनानगरं प्रति प्रत्यागच्छति, यत्र बिहारराज्यस्य चलच्चित्रविकासवित्तनिगमस्य कॉफी विद फिल्म कार्यक्रमस्य भागरूपेण विशेषप्रदर्शनस्य आयोजनं कृतम् अस्ति। गान्धी मैदानस्य रीजेण्ट् सिनेमा परिसरे हाउस् आफ वैरायटी इत्यत्र भवति एतत् प्रदर्शनं सिनेमाप्रेमिणां कृते उपचारात् न्यूनं नास्ति। बिहारसर्वकारस्य कला, संस्कृति, युवा विभागस्य एषा उपक्रमः केवलं चलच्चित्रस्य प्रदर्शनं यावत् सीमितं नास्ति, अपितु युवानां सांस्कृतिकमूलानां, सिनेमाविरासतां च सह सम्बद्धं कर्तुं अपि उद्दिश्यते। प्रदर्शनानन्तरं चर्चासत्रं भवितुं शक्नोति इति कथ्यते, यत्र दर्शकाः चलच्चित्रस्य सामाजिकसांस्कृतिकमहत्त्वस्य विषये चर्चां कर्तुं शक्नुवन्ति।

नदिया के पार एकस्य समयस्य कथां कथयति यदा सिनेमायाः महत्तमं बलं भव्यसेट्, भारी संवादः, तकनीकी तेजः वा नासीत्, अपितु भावानाम् सरलता आसीत् चलच्चित्रस्य कथा केशवप्रसादमिश्रस्य कोहबरकी शार्ट इति उपन्यासात् प्रेरिता अस्ति, गोविन्दमुनिस् इत्यस्य संवेदनशीलनिदेर्शेन च एतत् जीवन्तं भवति। चन्दन-गुञ्जयोः प्रेमकथा न केवलं पात्रद्वयस्य कथां प्रतिबिम्बयति, अपितु एकस्य सम्पूर्णस्य ग्रामस्य सामूहिकभावना, तस्य परम्परा, सम्बन्धाः च प्रतिबिम्बयति। नदी, क्षेत्राणि, प्राङ्गणानि, लोकगीतानि, सामाजिकानि मानदण्डानि च मिलित्वा अस्य चलच्चित्रस्य।

#### स्वास्थ्यसेवाप्रदानस्य

## कृते एषा प्रौद्योगिक्याः परिवर्तनं विशेषज्ञानाम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एते ड्रोन् न केवलं प्रयोगशालायाः नमूनानां द्रुतगत्या प्रयोगशालासु परिवहनं करिष्यन्ति अपितु आपत्काले वा आपदासु वा एम्बुलेन्सेन वा मानवहस्तक्षेपेण वा दुर्गमक्षेत्रेषु राहतसामग्रीः औषधानि च प्रदास्यन्ति।

स्वास्थ्यसेवाप्रदानस्य कृते एषा प्रौद्योगिक्याः परिवर्तनं विशेषज्ञानाम्, जनसामान्यस्य च मध्ये चचार्याः उष्णविषयः अस्ति। भविष्ये सामान्यरोगिणां कृते एषा सुविधा उपलब्धा भविष्यति वा इति विषये अपि जनाः उत्साहिताः सन्ति। कम्पनी-अधिकारिणः वदन्ति यत् चिकित्सा-आवेदनानां कृते आवश्यकानि सर्वकारीय-अनुमोदनानि प्राप्तुं प्रक्रिया अन्तिमपदे अस्ति। एकदा एताः औपचारिकताः सम्पन्नाः भवन्ति तदा जयपुरस्य आकाशे स्वास्थ्यसेवायाः विषये नूतनः दृष्टिकोणः उद्भवति। एषा उपक्रमः न केवलं राजस्थानं देशस्य प्रमुखं टेक-सेवी राज्यं रूपेण स्थापयिष्यति अपितु निजी-अस्पतालानां कृते आधुनिकसेवानां स्वीकरणाय उदाहरणं अपि स्थापयिष्यति`.

प्रौद्योगिक्याः सुरक्षायाश्च अस्य मिश्रणस्य प्रभावशीलता केवलं तस्य पूर्णसञ्चालनानन्तरं एव ज्ञास्यति, परन्तु अधुना कृते एमजीयूएमएसटी तथा मैजिक मायना इत्येतयोः मध्ये एतत् सहकार्यं सम्पूर्णस्य राज्यस्य ध्यानं आकर्षितवान् अस्ति। सुरक्षानिरीक्षणे ड्रोन्-इत्यस्य उपयोगेन न केवलं परिसरस्य सुरक्षितता भविष्यति अपितु कस्यापि शङ्कितायाः कार्यस्य निकटतया दृष्टिः स्थापयितुं अपि साहाय्यं भविष्यति। आपदा-राहत-कार्यक्रमेषु अपि ड्रोन्-इत्येतत् वरदानं भविष्यति, यत्र ते संकटकाले प्रथम-प्रतिसादकरूपेण कार्यं कर्तुं शक्नुवन्ति, स्थितिं मूल्याङ्कनं कृत्वा, तत्क्षणमेव आवश्यक-किट्-वितरणं कर्तुं शक्नुवन्ति्।

## राशिफल

**मेष** : आज का दिन मेहनत और धैर्य से आगे बढ़ने का है। पैसों के मामले में स्थिति ठीक रहेगी, लेकिन फिजूलखर्ची न करें।

**वृषभ** : ऑफिस में टीमवर्क से फायदा होगा। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी और पुराने बकाया चुकाने का मौका मिल सकता है।

**मिथुन** : करियर में नए आइडिया सराहे जाएंगे। पैसों से जुड़ा कोई फैसला आपके पक्ष में जा सकता है।

**कर्क** : नौकरी में बदलाव या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सेहत ठीक रहेगी।

**सिंह** : पैसों के मामले में दिन ठीक रहेगा, लेकिन जोखिम से बचें। सेहत सामान्य रहेगी। प्रेम जीवन में उत्साह बना रहेगा।

**कन्या** : आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। सेहत ठीक रहेगी। सेहत को लेकर सतर्क रहें। आर्थिक स्थिति अब पहले से बेहतर होने वाली है।

**तुला** : ऑफिस में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट संभालकर चलें।

**वृश्चिक** : पैसों के मामले में दिन अनुकूल है। रिश्ते में, सरल इशारे आपके कनेक्शन को गहरा करेंगे।

**धनु** : आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और आय में बढ़ोतरी के योग हैं। सेहत अच्छी रहेगी। मानसिक शांति के लिए खुद को समय दें।

**मकर** : आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन आलस्य से बचें। पैसों के मामले में दिन सही जाएगा।

**कुंभ** : पैसों के मामले में खर्च बढ़ सकता है। सेहत सामान्य रहेगी, बस आराम करें। ऐसे में आराम जरूर करें।


**मीन** : आज का दिन मेहनत, समझदारी और संयम का है। कामकाज से जुड़े मामलों में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र-गुरु के योग से बना दुर्लभ संयोग, इन 3 राशि वालों के बंद किस्मत का खुलेगा ताला

ज्योतिष में गुरु और शुक्र को बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रह माना जाता है। गुरु-शुक्र के खास संयोग से षडाष्टक योग का निर्माण हुआ है जिससे कुछ राशि वालों को खूब लाभ मिलेगा।

ज्योतिष में शुक्र और गुरु को बहुत ही शुभ ग्रह माना गया है। ज्योतिष में ग्रह एक निश्चित अंतराल पर गोचर करते हैं जिसके चलते दूसरे ग्रहों के साथ युति संबंध भी बनाते हैं और शुभ और अशुभ दोनों ही तरह के योग का निर्माण होता है। आपको बता दें कि भाग्य और वैवाहिक सुख के दाता ग्रह गुरु अभी मिथुन राशि में वक्री अवस्था में विराजमान हैं, जो जून 2026 तक इसी राशि में रहने वाले हैं। ऐसे में इस दौरान किसी न किसी ग्रह के युति या दृष्टि संबंध जरूर होगी। 19 दिसंबर 2025 को सुबह 7 बजकर 12 मिनट पर गुरु-शुक्र एक दूसरे से 150 डिग्री पर थे जिसके चलते षडाष्टक



दृष्टि योग का निर्माण हुआ था। आइए जानते हैं गुरु-शुक्र के 150 डिग्री पर होने पर किन राशि वालों को बंपर लाभ मिलने की संभावना है।

**मेष राशि** – मेष राशि के जातकों के लिए शुक्र कुंडली के आठवें भाव और दूसरे भाव में गुरु संचरण कर रहे हैं। ऐसे में बना षडाष्टक योग इस राशि के जातकों के लिए बहुत ही शुभ और लाभकारी साबित होगा। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर होगी। लंबे समय से चली आ रही धन की समस्या दूर होगी। गुरु की विशेष कृपा आपके ऊपर देखने को मिलेगी करियर के क्षेत्र में काफी लाभ आपको मिलेगा। नौकरी में नए-नए अवसरों की प्राप्ति होगी। व्यापार भारी मुनाफे का योग है।

**कर्क राशि**– कर्क राशि वालों के लिए गुरु-शुक्र से बना षडाष्टक योग कई मायनों में अच्छा और खास साबित होगा। आफकी राशि से गुरु दूसरे और शुक्र पंचम भाव में विराजमान हैं ऐसे में आपको करियर और व्यापार में बंपर लाभ मिलेगा। जीवन में लंबे समय से चली आ रही परेशानियां दूर हो सकती है। परिवार के हर एक सदस्यों का साथ मिलेगा। आय में इजाफा होने के योग हैं और भविष्य में अच्छा लाभ हासिल होगा।

**धनु राशि** – धनु राशि वालों के लिए गुरु-शुक्र का षडाष्टक योग कई मायनों में शुभ और खास रहेगा। गुरु आपकी राशि से सातवें और शुक्र आपकी राशि से बारहवें भाव में विराजमान होंगे। इस दौरान करियर-कारोबार में आपको मनचाहा लाभ मिलेगा। व्यापार में नया लाभ और नई तरह की डील हासिल हो सकती है। कोई बड़ी डील आपको हासिल हो सकती है। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि के योग दिखाई दे रहे हैं। सेहत इस दौरान अच्छी रहेगी और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा।

## खबर एक नजर...

### नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म में भाई-बहन गिरफ्तार

**उज्जैन।** नीलगंगा थाने के पास कालोनी में रहने वाली 14 साल की नाबालिग 8 दिन पहले लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। रविवार रात नाबालिग को दस्तयाब कर लिया गया। एसआई मनोहर बड़ोदिया ने बताया कि नाबालिग के बयान दर्ज करने पर उसके साथ शारीरिक शोषण की जानकारी सामने आई। जिसके चलते इंदौर के समाजवाद नगर में रहने वाले सचिन पिता मनोहर और उसकी बहन सोनम पति राजकुमार निवासी कालापीपल शाजापुर को गिरफ्तार किया गया है और शोषण की धारा का इजाफ किया गया। सचिन नाबालिग को अपने साथ ले गया था और बहन के घर ले जाकर उसका शोषण किया। उसने नाबालिग की मांग भरकर पत्नी भी बना लिया था। नाबालिग के शोषण में उसकी बहन ने भी सहयोग किया। सोमवार को नाबालिग का शोषण करने वाले को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उसकी बहन को जेल भेजा गया है। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि नाबालिग के रिश्तेदार इंदौर में रहते है, जहां उसका आना-जाना था उसी दौरान पहचान हुई थी।

### पानी फैलाने की बात पर 2 भाईयों के परिवार में विवाद

**उज्जैन।** महिदपुर तहसील के ग्राम लसुडिया पथ में रहने वाले 2 भाईयों दरबारसिंह सौंधिया और नारायणसिंह सौंधिया के बीच भैसों को पानी पिलाने के लिये बनाई गई थेर से पानी फैलाने की बात पर विवाद हो गया। कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों के बीच लात-घूंसे, डंडे चल पड़े। नारायणसिंह की ओर से मां मानकुंवर और पुत्र प्रधानसिंह बीच-बचाव के लिये आये तो उनके साथ भी मारपीट की गई। दोनों ओर से चार लोग घायल हो गये। मामला पुलिस थाने पहुंचने पर दोनों भाईयों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाकर मारपीट करने की बात कहीं। पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

### माता-पिता के विवाद में पुत्र ने खुद को किया घायल

**उज्जैन।** अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी में रहने वाले संदीप पिता रामेश्वर 22 साल को रात में उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। उसका एक हाथ लहूलुहान था, उसे गहरी चोंट लगी थी। संदीप ने बताया कि वह दोना पत्तल फेक्ट्री में करता है। पिता भी हम्माली करते और शराब पीने के आदी है। रात में शराब पीकर घर लौटते और मां सुनीता से विवाद कर रहे थे। आये दिन के विवाद से वह भी तंग आ गया था, गुस्से में उसने खिड़की के कांच पर हाथ मार दिया था। जिससे चोंट लगी है। अस्पताल स्टॉफ ने मामले की सूचना पुलिस को देने की बात कहीं। संदीप ने शिकायत दर्ज कराने से माना कर दिया। फिलहाल उसका उपचार चल रहा है।

### ब्लॉक फैक्ट्री में काम करने वाले को बाइक ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर सीमेंट से बनने वाले ब्लॉक की फैक्ट्री में काम करने वाले राधेश्याम पिता अम्बाराम 45 साल को रविवार रात बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। सिर में चोंट अधिक होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। घायल राधेश्याम ने बताया कि वह बदनावर का रहने वाला है और कई महिनों ने ब्लॉक फैक्ट्री में कर रहा है। फैक्ट्री में रहने के लिये कमरा मिला है। रात में वह किराने का सामान लेकर पैदल लौट रहा था, उसी दौरान बाइक वाले ने टक्कर मार दी। घायल के बयान दर्ज कर पुलिस ने बाइक चालक की तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 157-3 | 238-3 |
| मेन बाजार | 250-7 | 399-1 |
| मिलन डे | 370-0 | 350-8 |
| मिलन नाइट | 699-4 | 259-6 |

5 8 0

---

### तीन माह से थी तलाश, कोर्ट चौराहा से हिरासत में आये

# रास्ता रोक युवक को नकली पिस्टल दिखाकर मांगा था हफ्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। पांच बदमाशों ने युवक का रास्ता रोक पिस्टल दिखाते हुए शराब पीने के रुपए मांगे थे, लेकिन पिस्टल नकली होने पर नहीं चल पाई थी, पांचों युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले थे। पुलिस ने हफ्ता वसूली का मामला दर्ज कर जांच में लिया था। 3 माह बाद पुलिस ने तीन बदमाश युवकों को गिरफ्तार किया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 25 सितंबर की रात कस्बे के ठक्कर बाबा कालोनी में रहने वाला विवेक पिता नरेन्द्र सिरसवाल रात 10.30 बजे के लगभग बदनावर रोड से घर लौट रहा था। सरस्वती स्कूल के पास बाइक से आये पांच बदमाश युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया था। उन्होने पिस्टल दिखाते हुए विवेक से शराब पीने के लिये हफ्ता मांगा, जिसको लेकर विवाद की स्थिति बनी, बदमाशों के पास पिस्टल नकली होने पर गोली नहीं चली। पांचों युवक धमकी देकर भाग निकले। 26 सितंबर को विवेक ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पांचों युवकों के खिलाफ धारा 308(5), 115 (2), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। इस दौरान बदमाश युवको की पहचान की गई जो शक्कर मिल बड़नगर के रहने वाले सामने आये, बदमाशों में 2 नाबालिग थे। उनकी गिरफ्तारी के लिये एएसआई सुनील देवके, राजेन्द्रसिंह हाड़ा, प्रधान आरक्षक हेमराजसिंह, आरक्षक सूर्यकुमार, नारायण सारा की टीम बनाई गई, पांचों फरार होना सामने आये। उनकी लगातार तलाश की जा रही थी। 3 माह बाद सोमवार को पता चला कि हफ्ता वसूली में फरार 3 बदमाश कोर्ट चौराहा पर घूम रहे है। तत्काल टीम को रवाना किया गया और विष्णु पिता भुवानसिंह भूरिया भील 18 साल 8 माह, भारत पिता निर्भय सिंह राठौर 19 साल और रितीक पिता मदन भूरिया 19 साल निवासी शक्कर मिल को हिरासत में लिया गया। तीनों के पास से हफ्ता वसूली की घटना में प्रयुक्त की गई बाइक जप्त की गई। तीनों को गिरफ्तारी के बाद दोपहर में कोर्ट पेश किया गया। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार प्रकरण में तीनों आरोपितों के 2 नाबालिग साथी फरार है, जिनको हिरासत में लेने के बाद नकली पिस्टल बरामद की जायेगी।



### चाइना डोर के साथ पकड़ाये युवक पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**उज्जैन।** प्रतिबंध लगा होने के बाद भी बेग में छुपाकर चाइना डोर बेचने वाले युवक लक्की परमार निवासी राजीव रत्न कालोनी को नीलगंगा थाना पुलिस ने रविवार शाम हिरासत में लिया था। उसके पास से 25 रील (गड्डे) 15 हजार कीमत के बरामद किये गये थे। लक्की परमार के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लघंन करने की धारा 233 भारतीय न्याय संहिता के प्रकरण दर्ज किया गया था साथ ही प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया था। एसपी प्रदीप शर्मा पूर्व में ही आदेश जारी कर चुके है कि प्रतिबंधित चायना डोर बेचने वालों के साथ चाइना डोर से पतंगबाजी करने वालों को जेल भेजा जायेगा।

---

### नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक ने थाने में किया सरेंडर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक ने पुलिस की लगातार दबिश के चलते सोमवार को थाने में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर नव मानस नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती हरीश पिता ग्यारसीलाल निर्मल को 12-13 दिसंबर की रात आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार से पहले हरीश के शरीर पर चोंट के निशान सामने आये थे। परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाया गया था। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम पोस्टमार्टम कराया था। पांच दिन बाद रिपोर्ट आने पर हरीश की मौत मारपीट के दौरान लीवर ड्रेमेज होने पर मौत की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक उमेश वैष्णव के साथ केन्द्र में काम करने वाले महेन्द्र चौधरी, सोनू उर्फ चंद्रशेखर, कपिल वर्मा, कमलेश राव और शुभम चौहान के खिलाफ गैर इरातदन हत्या का मामला दर्ज किया था। संचालक फरार हो गया था। पांच आरोपितों को 19 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उमेश वैष्णव की तलाश में दबिश दी जा रही थी। एसआई सुरेशचंद्र देवड़ा ने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र संचालक की गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश दी जा रही थी। सोमवार सुबह संचालक ने खुद थाने आकर सरेंडर कर दिया। जिसकी गिरफ्तारी लेकर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

---

### महिला से ठगे टॉप्स बरामद

# ईरानी बदमाशों का बढ़ा रिमांड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सामान खरीदने के बाद महिलाओं को झांसा देकर आभूषण ठगने वाले ईरानी बदमाशों से कान के टॉप्स बरामद किये है। सोमवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया था, पुलिस ने 2 दिन की रिमांड अवधि बढ़वाई है।

24 फरवरी 2025 को नीलगंगा थाना क्षेत्र के केटीएम शोरूम के पास जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली सावित्री पति जगदीश नागर से सौ का नोट देकर चुन्नी खरीदने वाले 2 बदमाशों ने आधा तोला वजनी सोने के टॉप्स ठग लिये थे। सावित्री नागर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। 10 माह बाद पता चला कि 2 ईरानी बदमाश हैदर पिता मुजफ्फर अली और अफजल पिता अच्छे मियां को ग्वालियर की डबरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने उज्जैन में भी वारदात की है। नीलगंगा थाना पुलिस ने दोनों बदमाशों का प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया था। 19 दिसंबर को उज्जैन लाकर 3 दिनों का रिमांड लिया था। एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि रिमांड अवधि में दोनों बदमाशों को भोपाल ले जाया गया था। जहां उनकी निशानदेही पर महिला से ठगे कान के टॉप्स बरामद किये है। सोमवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। दोनों की रिमांड अवधि 2 दिन ओर बढ़वाई गई है।

### उन्हेल-बिरलाग्राम में भी ठगे थे आभूषण

ईरानी गैंग के बदमाशों ने नीलगंगा थाना क्षेत्र में सावित्री नागर से टॉप्स ठगने के कुछ घंटो बाद ही उन्हेल में जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली रीतू पोरवाल से पाउडर का डिब्बा खरीदने के बाद 6 ग्राम अंगूठी और बिरलाग्राम थाना क्षेत्र की बंगाली कालोनी में किराना दुकान चलाने वाली ज्योति पति रवि मंडल से साबून खरीदने के बाद मंगलसूत्र भी ठगने की वारदात को अंजाम दिया था। नीलगंगा थाना क्षेत्र की वारदात का खुलासा होने पर दोनों बदमाशों से पूछताछ के लिये उन्हेल और बिरलाग्राम थाना पुलिस भी उज्जैन पहुंची थी।

---

### फर्जी रसीद दिखाकर कराया था 11.30 लाख का आरटीजीएस

# विदिशा से पकड़ाया आरोपी, राजगढ़ के साथी की तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मणप्पुर गोल्ड फायनेंस कंपनी के साथ 11.30 लाख का आरटीजीएस कराकर धोखाधड़ी करने के मामले में फरार एक आरोपी को रविवार रात हिरासत में ले लिया गया। उसके राजगढ़ निवासी साथी की तलाश जारी है।

16 दिसंबर को मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस की मैनेजर संध्या द्वारा माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 2 लोगों द्वारा आईआईएफएल बैंक में चल रहे गोल्ड लोन को उनकी फायनेंस कंपनी में ट्रांसफर कराने की बात कहते हुए कुछ रसीदे दिखाई थी और 11.30 लाख का आरटीजीएस करा लिया था। उनकी रसीदे फर्जी होना सामने आई है। आरटीजीएस कराने वाला रामगोपाल निवासी राजगढ़ और उसका साथी अंशुल डांगी निवासी विदिशा थे। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया था। रविवार रात गोल्ड फायनेंस कंपनी के साथ धोखाधड़ी में शामिल एक आरोपी अंशुल डागी को गिरफ्तार कर लिया गया। एएसआई धर्मेन्द्रसिंह तोमर ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उसके राजगढ़ निवासी साथी रामगोपाल की तलाश जारी है। गिरफ्त में आये आरोपी से पूछताछ की फर्जी रसीदों की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होने जिस खाते में आरटीजीएस की राशि ट्रांसफर कराई थी, उक्त खाते को होल्ड कराया गया है। जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा, जिसके प्रयास जारी है।



### हस्ताक्षर करने का बोल भाग निकले थे आरोपी

मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस कंपनी पहुंचे दोनों आरोपियों ने फर्जी रसीदे दिखाकर फायनेंस कंपनी को झांसे में लिया था। उन्होने आईआईएफएल में चले रहे गोल्ड को चुकाने की बात कहते हुए वहां रखा गोल्ड उनके यहां ट्रांसफर कराने की बात कही थी। फायनेंस कंपनी ने रसीदों की जांच किये बिना उनकी बातों पर विश्वास कर 11.30 लाख का आरटीजीएस रामगोपाल के खाते में कर दिया था। दोनों ने आईआईएफएल बैंक चलकर गोल्ड ट्रांसफर के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की बात कहीं थी और आधे रास्ते से भाग निकले थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com